

दैनिक
सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 100/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 11 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in

धार में बोले अमित शाह
आदेश सोनिया का, निर्देश कमल नाथ और चांटा दिग्विजय को लगा देते हैं

धार। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज मनावर, बदनावर और धार में आमसभा को संबोधित करने पहुंचे हैं। मनावर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में 3 परिवार हैं, पहला कमल नाथ का, बंटाधार दिग्विजय का, तीसरा है राहुल और सोनिया गांधी का गांधी परिवार। हमारे यहां कहा जाता है कि तीन तिगाडा, काम बिगाड़ा। यहां आदेश गांधी परिवार का चलता है, निर्देश कमल नाथ का चलता है और गलती होने पर चांटा दिग्विजय सिंह को लगा देते हैं। ये कपड़ा फाड़ राजनीति मध्य प्रदेश का भला नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा कि कमल नाथ को कांग्रेस ने यहां अपना नेता बनाया है। लेकिन वो आपके भले के लिए काम नहीं करेंगे। क्योंकि उनके मन में है नकुल नाथ को मुख्यमंत्री बनाना और सोनिया गांधी जी के मन में है, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना। जो अपने बेटे-बेटियों के लिए काम करते हैं वो देश और प्रदेश का कभी भला नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश 3 दीपावली मनाएगा। एक दीपावली कल मनाएंगे, दूसरी 3 दिसंबर को यहां भाजपा सरकार बनने के बाद और तीसरी दीपावली आपको 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मनानी है।

मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा मध्य प्रदेश संकल्प पत्र 2023 जारी
लाडली बहनों को नकद के साथ घर भी, गेहूं की एमएसपी 2700, धान 3100 रुपए

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। इस मौके पर नड्डा ने कहा, दूसरे राजनीतिक दल वादा करो और भूल जाओ की नीति पर काम करते हैं, लेकिन भाजपा में ऐसा नहीं। पार्टी मॉनिटरिंग कर इसे लागू कराने का काम करती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, संकल्प पत्र को अक्षरशः जमीन पर उतारने का काम किया जाएगा।

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में इस कार्यक्रम में संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष जयंत मलैया, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, सुश्री कविता पाटीदार मौजूद रहे।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र का नाम 'मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा मध्य प्रदेश संकल्प पत्र 2023' रखा गया है। संकल्प पत्र के नाम से ही संदेश साफ है कि मोदीमय नेतृत्व में भाजपामय मध्य प्रदेश के रास्ते पर भाजपा चुनाव के दंगल में उतरेगी और कांग्रेस को चित करेगी। यह मात्र संकल्प पत्र नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के लिए मोदी की गारंटी है क्योंकि एमपी के मन में मोदी है।

मध्य प्रदेश में 20 साल के भाजपा के शासन और केंद्र में मोदी सरकार के आने के 9 साल के अवसर पर आने वाले भाजपा के इस संकल्प पत्र की पृष्ठभूमि प्रदेश के गतिमान विकास की झलक भी है और सतत विकास की ललक भी है। इस संकल्प पत्र ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब मोदी ही है विकल्प। गरीब कल्याण की जिस विजय पताका को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेकर चले थे उस विजय पताका को प्रदेश की भाजपा सरकार ने साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी विजय पताका को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 साल के लिए क्रियान्वित करते हुए रियायती दरों पर दाल, सरसों का तेल एवं चीनी देने का संकल्प भाजपा ने लिया है। इस संकल्प में मोदी की किसी को भूखा नहीं सोने देने की गारंटी है।

किसानों को प्रतिवर्ष 12000 रुपये की सम्मान निधि को आगे भी जारी रखते हुए एमएसपी के साथ बोनस 2,700 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं एवं 3,100 रु प्रति क्विंटल पर धान की खरीद की व्यवस्था करने का संकल्प लेकर सशक्त किसान, सशक्त मध्य प्रदेश का

रास्ता दिखाया है। इस संकल्प में किसान को उसकी उपज का पर्याप्त भाव देने की गारंटी है।

प्रदेश में 45 लाख से अधिक आवास बनवाने के बाद पीएम आवास के साथ अब भाजपा प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री जन आवास योजना की सौगात लेकर आई है। इससे कहीं न कहीं यह संदेश भी देने की कोशिश की गई है कि नहीं रहेगा कोई बेघर, जन-जन को भाजपा देगी घर। देश में मध्य प्रदेश को महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनाने वाली भाजपा ने लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता जारी रखने के साथ आवास का लाभ देने का भी वादा किया है। इस संकल्प में महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता की गारंटी है और हर बेघर को घर देने की मोदी की गारंटी है।

आदिवासी सम्मान, आदिवासी उत्थान के मंत्र पर कार्य कर रही भाजपा ने तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4,000 रुपए प्रति बोरा करने का संकल्प लिया है। दर में इस बढ़ोतरी का लाभ इस कार्य में लगे आदिवासी समुदाय के लोगों को होगा। देश के सर्वोच्च पद से लेकर गांव के कोने तक भाजपा आदिवासी सशक्तिकरण की मिसाल बन रही है। इस संकल्प में तेंदूपत्ता संग्राहकों के अधिकार की गारंटी है।

सर्व शिक्षा का अधिकार का आधार भाजपा सरकार के संकल्प को साकार करने के लिए इस बार भाजपा ने गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक शिक्षा में प्रदान करने का संकल्प लिया है। इसी के साथ ही प्रत्येक संभाग में आईआईटी के तर्ज पर मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एवं एम्स की तर्ज पर मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस की स्थापना का संकल्प के साथ भाजपा आई है। इस संकल्प में मोदी की उत्तम शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की गारंटी है।

इन 10 प्रमुख संकल्पों के अलावा भी अनेक गारंटी लेकर आई भाजपा ने यह प्रस्तुत करने का प्रयास किया है कि मोदी है तो प्रयास है, भाजपा है तो विश्वास है। संकल्प पत्र में सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए वादे किए गए हैं भाजपा ने 20 साल के जनता के विश्वास को अगले और 5 साल तक बनाए रखने के लिए प्रदेश के हर वर्ग, हर समुदाय को अपने संकल्पों से साध लिया है।

दिवाली के इस माहौल पर बरबस अटल जी की एक कविता की एक लाइन हमें प्रेरित करती है कि जब प्रेम के दीपक जलते हों, सपने सच में बदलते हों उस रोज दिवाली होती है। पिछले 20 साल के भाजपा के शासन में मध्य प्रदेश ने यह महसूस किया है। भाजपा के शासन में हर गरीब को उसका हक मिला है, हर वंचित को उसका अधिकार मिला है। भाजपा की सरकार में हर रोज दिवाली मन रही है। जिस प्रकार दीवाली के दिन प्रभु श्री राम के अयोध्या लौटने से खुशहाली आई थी ठीक उसी प्रकार 20 साल के सतत विकास के दम पर एवं जनता के भरपूर आशीर्वाद के साथ आगामी 3 दिसंबर को भाजपा सरकार फिर बनेगी और विकास के कार्य को आगे बढ़ाएगी।

प्रमुख 10 संकल्प

1. 5 वर्षों के लिए प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का क्रियान्वयन करते हुए सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन के साथ रियायती दर पर दाल, सरसों का तेल एवं चीनी उपलब्ध करवाएंगे।
2. मध्य प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे।
3. लाड़ली बहनों को मासिक आर्थिक सहायता के साथ आवास का लाभ मिलेगा।
4. एमएसपी के साथ बोनस 2,700 रु प्रति क्विंटल पर गेहूं एवं 3,100 रु प्रति क्विंटल पर धान की खरीद की व्यवस्था करेंगे।
5. पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को वार्षिक 12,000 रु देंगे।
6. तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4,000 रु प्रति बोरा देना सुनिश्चित करेंगे।
7. गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था करेंगे।
8. सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के साथ अब पौष्टिक नाश्ता भी उपलब्ध कराया जाएगा।
9. प्रत्येक संभाग में आईआईटी के तर्ज पर मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एवं एम्स की तर्ज पर मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस स्थापित किया जाएगा।
10. प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर सुनिश्चित करेंगे।

भाजपा का सबका साथ सबका विकास

1. 5 वर्षों के लिए प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार करते हुए सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन एवं रियायती दर पर दाल, सरसों का तेल एवं चीनी उपलब्ध कराएंगे।
2. प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहे इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे।
3. वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिकों को लाभ प्रदान करते हुए ?1,500 की मासिक पेंशन प्रदान करेंगे।
4. कारीगरों को ?15,000 की वित्तीय सहायता, ?500 का दैनिक भुगतान किया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 18 पारंपरिक कारीगर समूहों को लाभ मिलेगा।
5. असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 100त्न पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे।
6. गिग वर्कर्स के कल्याण एवं अधिकारों की देखरेख के लिए गिग वर्कर्स कल्याण बोर्ड की स्थापना करेंगे।

कांग्रेस की और एक घोषणा, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की आय 15 हजार करेंगे

भोपाल। बीजेपी के संकल्प पत्र से पहले एमपी कांग्रेस आजीविका स्व सहायता से जुड़ी महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। पूर्व सीएम कमलनाथ ने ङ्ग पर लिखा- आजीविका स्व-सहायता समूह के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के समूह के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं सभी श्रेणी के अधिकारी एवं कर्मचारियों को कांग्रेस सरकार बनने पर खुशहाली मिशन से जोड़ेंगे।

खुशहाली मिशन के स्व-सहायता समूहों की विभिन्न गतिविधियों से जुड़ी महिलाओं की औसतन आय 15 हजार रुपए करने के लिए लक्ष्य बनाएगी। स्वङ्क्षसहायता समूहों को 1 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त ऋण और 3 लाख रुपए का ऋण 1त्न ब्याज की दर पर उपलब्ध कराएंगे।

सांध्यप्रकाश विशेष

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, और एनसीपी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद प्रफुल्ल पटेल ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें दिवाली की शुभकामनाएँ दीं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय महासचिव बृजमोहन श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों नेताओं के बीच महाराष्ट्र को लेकर लंबी चर्चा हुई।

सीएम शिवराज सिंह ने धनतेरस पर खरीदा चांदी का सिक्का, जनता के साथ साझा की खुशी

भोपाल। देशभर में दीपावली के पर्व का आनंद लिया जा रहा है, और कल धनतेरस के अवसर पर मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह ने खुशी के मौके पर चांदी का सिक्का खरीदा। यह खबर बाजारों में रौनक बढ़ा रही है और लोग खरीदारी के लिए उत्सुक हैं।

धनतेरस पर सीएम ने खरीदा चांदी का सिक्का– राजधानी भोपाल में मप्र सीएम ने धनतेरस के अवसर पर चांदी का सिक्का खरीदा। इस अवसर पर सीएम शिवराज सिंह ने अपनी जनसभा के बाद साथी साथियों के साथ भोपाल के सराफा बाजार में धनतेरस की खरीदी की। राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा- इस मौके पर वह ने सांप्रदायिक सहयोग योजनाओं की बड़ी संख्या में उम्मीद की। उन्होंने बताया कि सीएम योजना के तहत कई बहनों ने नए उद्यमों में कदम बढ़ाया है, जैसे कि चाय की दुकान खोलना और मोबाइल खरीदना।

धनतेरस की शुभकामनाएं– धनतेरस के अवसर पर सीएम ने सभी को शुभकामनाएं दी और यह साझा किया कि इस बार उन्होंने अपनी बहनों के साथ मिलकर खरीदी की है। उन्होंने कहा कि इस दिन के महत्व को महसूस करके उन्हें अत्यंत संतोष हुआ। उन्होंने बताया की हर महीने 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसा आता था। लेकिन इस बार 10 तारीख को धनतेरस थी इसलिए 7 को ही सबके खाते में पैसा भेज दिया गया। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आगे मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि– 'कोई चीज खरीदनी होती थी तो पैसे न होने की वजह से मेरी बहने तरस जाती थी। ये दर्द मैं समझ रहा था। लेकिन मेरे दिमाग में यह बात खटकती रही कि, एक ऐसी योजना होनी चाहिए कि, मेरी बहनों का खुद का खाता हो और उसमें अपने पैसे भी हो।'

धर्मनगरी में 24.60 लाख दीये जलाकर बनेगा विश्व रिकॉर्ड

अयोध्या। दीपोत्सव के लिए अयोध्या रोशनी से नहा उठी है। ऐसी सजावट हुई है कि मानो देवलोक पृथ्वी पर उतर आया हो। चमचमाती सड़कें, एक रंग में रंगे भवन और आकर्षक लाइटिंग के साथ रामकथा आधारित 15 तोरणद्वार और कई स्वागत द्वार अयोध्या की शोभा बढ़ा रहे हैं।

शनिवार को दीपोत्सव में 21 लाख दीप केवल राम की पैड़ी पर जलाने की तैयारी है जोकि एक विश्व रिकॉर्ड भी साबित होगा। इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए 3 लाख 60 हजार दिये अतिरिक्त भी जलाएं जाएंगे ताकि दीपमाला अनवरत रहे। शनिवार को शाम होते ही जैसे ही रामलला के दरबार में पहला दीप जलेगा, पूरी अयोध्या जगमग हो उठेगी। भगवान श्रीराम पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से अयोध्या पधारेंगे। सीएम योगी व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद सीएम योगी वशिष्ठ की

भूमिका में श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इस आयोजन का साक्षी बनने के लिए रामकथा पार्क में करीब पांच हजार अतिथि मौजूद रहेंगे। इस बार सरयू पुल पर ग्रीन पटाखों की आतिशबाजी 20 मिनट तक होगी। इस पर करीब 80 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथि सरयू तट से आतिशबाजी निहारेंगे। अगर रामनगरी के निवासियों के उल्लास की बात करें तो लंका विजय के बाद श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में उन्होंने उसी तर्ज पर अपने घरों को सजाया है जैसा त्रेता युग में सजावट की गई थी। घरों व दुकानों की दरों-दीवारों पर रामकथा व शुभता के प्रतीकों को चित्रित किया है। हनुमान जयंती के मौके पर रामनगरी शनिवार को फिर से इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी है। राम की पैड़ी के 51 घाटों पर दीपमालिकाएं सज गई हैं। 24.60 लाख दीये बिछाए जा चुके हैं।

सबनानी के लिए रामेश्वर ने किया जनसंपर्क

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने भोपाल की दक्षिण पश्चिम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भगवान दास सबनानी के लिए जनसंपर्क किया। सबनानी शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा के पत्रकार कॉलोनी स्थित निवास पहुँचे जहां उनका विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्त्व में स्थानीय नागरिको, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनन्दन किया गया। यहाँ रामेश्वर शर्मा की धर्म पत्नी संगीता शर्मा ने भगवान दास सबनानी का विजय तिलक किया एवं शर्मा ने भगवा अंग वस्त्र उढ़ाकर जीत की अग्रिम शुभकामनाएँ दी। तद् उपरांत विधायक रामेश्वर शर्मा ने सबनानी के साथ जनसंपर्क किया। ार्मा ने कहा की विकास और जनकल्याण के लिए भाजपा को दिया गया आपका एक एक वोट बहुमूल्य है। आपका एक एक वोट देश को ओर मज़बूत करेगा। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार के लिये एक एक सीट जीतना महत्वपूर्ण है इसलिए जैसा आशीर्वाद आपने मुझे हमेशा दिया है वैसा ही आशीर्वाद दक्षिण पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी भगवान दास सबनानी को प्रदान करें। विधायक रामेश्वर शर्मा के निज निवास पहुँचे भगवान दास सबनानी ने एक दूसरे को प्रचंड जीत की शुभकामनाएं दी। विधायक रामेश्वर ने उपस्थित दक्षिण पश्चिम विधानसभा कार्यकर्ताओं से सबनानी को जिताने के लिए जुट जाने का आवाहन किया तो वहीं सबनानी ने भी विधायक रामेश्वर शर्मा को बड़ी जीत हेतु शुभकामनाएँ दी। ज्ञात हो कि विधायक रामेश्वर शर्मा लगातार तीसरी बार हुजूर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी है वही दक्षिण पश्चिम विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी के रूप में भगवान दास सबनानी मैदान में हैं। हुजूर विधानसभा के पंचवटी कॉलोनी निवासी भगवान दास और दक्षिण पश्चिम विधानसभा की पत्रकार कॉलोनी निवासी रामेश्वर शर्मा एक दूसरे के विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं। हुजूरसे प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा दक्षिणपश्चिम विस में पत्रकार कॉलोनी में निवास करते हैं । जबकि भगवान दास सबनानी हुजूर विधानसभा क्षेत्र की पंचवटी कॉलोनी में निवास करते हैं ।

एक-एक मतदाता तक पहुंच रहे विश्वास सारंग, डोर टू डोर जनसंपर्क

भोपाल। मध्यप्रदेश में विधानसभा का चुनाव अपने दौर में पहुंच गया है। मतदान में अब महज 7 दिनों का समय शेष रह गया है। ऐसे में नरेला से भजपा के उम्मीदवार विश्वास सारंग उनकी विधानसभा के एक-एक मतदाता तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें है। सारंग लगातार डोर टू डोर जनसंपर्क कर जनता से अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहें है। सारंग ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 37 और 44 में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। दिन की शुरुआत उन्होंने वार्ड 37 के खुशिपूरा हनुमान मंदिर से की, जो लवकुश कॉलनी होते हुए राजेंद्र नगर पर समाप्त हुआ।

ऑल इंडिया भेल एंप्लॉयज यूनियन कार्यालय में हुआ दीपावली मिलन

भोपाल। बी एच ई एल की प्रतिनिधि ऑल इंडिया भेल एम्प्लॉय यूनियन संबद्ध निफ्टू के यूनियन कार्यालय पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे विधायक कृष्णा गौर ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा गौर , यूनियन के महासचिव रामनारायण गिरी, एच एम एस यूनियन के महासचिव अमर सिंह राठौर, के टी यू के अध्यक्ष आर एस ठाकुर ,थ्रीफ्ट सोसाइटी के अध्यक्ष बसंत कुमार, सचिव निशा वर्मा ,संचालक आशीष सोनी ,रजनीकांत चौबे, राजमल बैरागी एवम यूनियन के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन करके सभी को पांच दिवसीय दीपो के त्यौहार दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करके की। यूनियन महासचिव रामनारायण गिरी के नेतृत्व में अख्तर खान, सत्येंद्र कुमार, विशाल वाणी, संजीव कुमार नंदा, धर्मेंद्र दहाट एवं उनकी पूरी टीम ने यूनियन कार्यालय पधारी कृष्णा गौर का जोरदार स्वागत किया साथ ही विभिन्न यूनियन , एसोसिएशन, समाज के पदाधिकारियों एवम सैटलाइट कालोनियों के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों ने भी कृष्णा गौर का स्वागत किया।

उत्तर विधानसभा प्रत्याशी नासिर ने किया जनसंपर्क

भोपाल। उत्तर विधानसभा के चुनावी घमासान में निर्दलीय प्रत्याशी नासिर इस्लाम लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। इस दौरान वे जगह जगह जनसभाओं भी संबोधित कर रहे हैं। पुराने शहर का काजी कैंप इलाके में आयोजित ऐसी ही एक जनसभा को संबोधित करते हुए नासिर ने लोगों को विश्वास दिलाया कि अब इस इलाके के पिछड़ेपन की रवानगी का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं और समुचित विकास के लिए वे योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे और क्षेत्र को विकास की नई तहरीर से जोड़ेंगे। नासिर ने कहा कि बरसों किसी एक खूंटे से बंधे रहे क्षेत्र के लोगों के दोनों हाथ और दामन खाली है। न तो कभी उन्हें अपने नेता का अपनापन मिला और न ही उनके लिए महज एक वोट बैंक से ज्यादा कुछ मानकर सोचा गया।

बीएचईएल की संस्था थ्रिफ्ट सोसाइटी सदस्यों को बांटेगी लाभांश

भोपाल। संस्था अध्यक्ष बसंत कुमार जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संस्था अपने सदस्यों को वर्ष 2022 23 का लाभांश 15त्न की दर से वितरित करने जा रही है, जो सदस्यो के बैंक खातों में धनतेरस पर भेजा जा रहा है । सदस्य गण अपने बैंक वेतन खाते से लाभांश की राशि प्राप्त कर सकते हैं। संस्था इस वर्ष कुल राशि 1 करोड़ 68 लख रुपए का लाभांश का वितरण करने जा रही है 7 ज्ञात हो की संस्था के संचालक मंडल द्वारा इस बार लाभांश में 2त्न की वृद्धि करते हुए 13त्न से बढ़कर 15त्न किया है 7 इसके अतिरिक्त आमसभा में उपस्थित सदस्यों को आम सभा भत्ता रुपए 50/- भी लाभांश राशि के साथ जोड़कर दिया जा रहा है 7 उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला जी, सचिव श्रीमती निशा वर्मा जी, संचालक आशीष सोनी जी, राजमल बैरागी जी, रजनीकांत चौबे जी, कु. किरण जी, राजकुमार इड़पाची जी, निशांत कुमार नंद जी, दीपक गुप्ता जी एवं कमलेश नागपुरे जी ने संस्था सदस्यों को एवं उनके परिवार को धनतेरस एवं दीपावली की बधाई दी।

हुजूर में जेपी नड्डा व हेमंत बिस्वा सरमा का रोड शो

जनाशीर्वाद से हुजूर में जीत का नया इतिहास लिखेंगे : रामेश्वर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

हुजूर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का विधानसभा में जनसम्पर्क जोर शोर से जारी है। जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी क्षेत्र में निरंतर जनसम्पर्क कर नागरिकों से मिल रहे है और उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है। स्थानीय नागरिक भी रामेश्वर शर्मा का स्वागत कर रहे है, उन्हें आशीर्वाद प्रदान कर रहे है। जनसम्पर्क के क्रम में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा नें हुजूर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम लखापुर, पाटनिया, रतनपुर, रसूलिया पठार, बरखेड़ा सालम, बकानिया, रेलवे स्टेशन टपरा, इमलिया कॉलोनी, लोधी मोहल्ला खामखेड़ा में जनसम्पर्क कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया।

जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी नें कहा कि देश एवं क्षेत्र की जनता भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्य को जानती है। मैं पिछले 10 वर्षों से क्षेत्र की जनता की सेवा कर रहा हूँ। इसलिए जनता का स्नेह और आशीर्वाद हमारे साथ है। हम दिन प्रतिदिन कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच रहते हैं। जनता के सुख-दुख में साथ बने रहते हैं। हमने हुजूर में विकास और तरक्की का नया इतिहास लिखा है, इसलिए अब जनता हुजूर में भाजपा की जीत का नया इतिहास बनाएगी। आज हुजूर में भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा के समर्थन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा सभा व रोड शो करेंगे। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा नीलबड़ में सभा को संबोधित कर नागरिकजनों से संवाद करेंगे तो वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा संत जी की कुटिया से संतनगर तक रोड शो के उपरांत सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा शनिवार को आलोक धाम मैरिज गार्डन कोलार में वार्ड क्रमांक 83 की बैठक, श्रद्धा मैरिज गार्डन में वार्ड क्रमांक 2 की बैठक, सनसिटी गार्डन लालघाटी में वार्ड क्रमांक 06 की बैठक, संतनगर में वार्ड क्रमांक 04 व 05 की बैठक, शगू गार्डन भौंरी जोड़ में वार्ड क्रमांक 03 की बैठक, बुद्धभूमि महाविहार गोल्डन बुद्ध प्रतिमा चूना भट्टी में कठिन चीवर दान समारोह कार्यक्रम में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

दीपावली पर तीनों दिन 24 घंटे नेत्र सुरक्षा के लिए खुला रहेगा सेवा सदन

संत हिरदाराम नगर। संत हिरदाराम नगर भोपाल स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में दीपावली के तीनों दिन 12 से 14 नवम्बर तक 24 घंटे नेत्र सुरक्षा के लिये आकस्मिक सेवाएं सुलभ रहेंगी। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015 से 2022 तक के दीपोत्सव पर्व पर भोपाल तथा आसपास के इलाकों से आतिशबाजी से बड़ी संख्या में चोटिल व्यक्ति उपचार के लिये अस्पताल आये थे। सेवा सदन अस्पताल में विगत् आठ वर्षों में आतिशबाजी से घायल लोगों के उपचार की विशेष व्यवस्थाएं करने के साथ-साथ सभी घायलों की आखों और उनको दृष्टि क्षति से बचा लिया गया था। इस वर्ष भी उसी प्रकार की नेत्र सुरक्षा सेवाएं देने के लिये रात्रि काल में भी चिकित्सा अमले और डॉक्टर की तैनाती की गई है। सेवा सदन की मेडीकल डायरेक्टर डॉ प्रेरणा उपाध्याय ने पटाखे जलाते समय सुरक्षा के समुचित उपाय सुनिर्श्चित करने का सुझाव दिया है।

मानसरोवर पब्लिक स्कूल में दीपावली सेलिब्रेशन, बच्चों ने बनाए तोरण, सजाई रंगोली

भोपाल। मानसरोवर पब्लिक स्कूल में प्री दीपावली सेलिब्रेशन में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता को रंगों में उकेरा। किसी ने सुंदर तोरण तैयार किए तो किसी ने रंगोली के रंगों और सुगंधित फूलों से स्कूल को सजाया। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस कॉम्पिटीशन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की चांसलर मंजुला तिवारी और चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने विद्यार्थियों की कलात्मकता की सराहना की। मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सोजन जॉसेफ ने कहा कि दिपावली पटाखों का नहीं बल्कि दीप और रोशनी का त्यौहार है। उन्होंने इस दीपावाली लोगों से पटाखों में पैसे गंवाने की बजाए गरीबों की मदद कर उनकी दीपावली रोशन करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट, रंगोली और फेंसी ड्रेस कॉम्पिटीशन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हैड मिस्ट्रेस सविता गिरधर सहित भावना त्यागी अमिता तिवारी का सहयोग रहा।

नहाय-खाय के साथ 17 से शुरू होगा छठ पर्व, विसर्जन घाटों की होने लगी साफ-सफाई

भोपाल। छठ का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर नहाय खाय से शुरू होगा। पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रत संपन्न किया जाता है। चार दिन चलने वाला इस पर्व में सूर्य और छठी मैय्या की पूजा की जाती है। भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि इस दिन रखा जाने वाला व्रत बेहद कठिन माना जाता है, क्योंकि इस व्रत को 36 घंटों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए रखा जाता है। यह व्रत संतान की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना के लिए रखा जाता है।

केवलराम चैनराय स्कूल में दीपावली और बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित

संत हिरदाराम नगर। शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित कला लक्ष्मण दास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल तथा केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में दीपावली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर नेहरू की जयंती स्वरूप बाल दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश लालवानी एवं नवीन प्राचार्य सुमन विश्वकर्मा एवं मनोहर वासवानी का विद्यार्थियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों की ओर से सृष्टि की रचना नाट्य और नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए शिक्षिकाओं द्वारा भी ऐक्ट डांस प्रस्तुत किया गया। कला लक्ष्मण दास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही बच्चों के नृत्य से रंगारंग कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ किया गया। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने सभी विद्यार्थी को संदेश देते हुए कहा कि सभी पटाखों से दूर रहकर, हर्षोल्लास के साथ इको फ्रेंडली दिवाली मनाएँ व पर्यावरण प्रदूषण को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी दें। एक सच्चे और अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण करें।

चित्रकला प्रतियोगिता में मिठी गोबिन्दराम पब्लिक विद्यालय के छात्रों का कलात्मक प्रदर्शन

भोपाल। परमहंस संत हिरदाराम साहिबजी के आशीर्वाद एवं श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन में संचालित शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी की शाखा मिठी गोबिन्दराम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सिलिका आर्ट एण्ड डिजाइन कैरियर गाईड इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय को 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन विद्यालय' के सम्मान से गौरवान्वित कराया। साथ ही विद्यालय को प्रमाण पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र कुनाल रामनानी (कक्षा 11वीं) चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगद राशि व स्वर्ण पदक एवं जयंत गुप्ता (कक्षा 9वीं) एवं शान प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक द्वारा सम्मानित हुए। इस अवसर पर विद्यालय की आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षिका सुश्री हुमा खान को छात्रों के मार्गदर्शन करने हेतु ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने अपने संप्रेषित संदेश में छात्रों को असीम शुभकामनाएँ देते हुए कलात्मकता के गुण को सदैव मंच पर अभिव्यक्त करने हेतु अभिप्रेरित कर पुरस्कृत छात्रों से समाज के प्रति संवदेनशील बने रहने की अपील की। आशीष एवं मंगलकामनाओं की इसी श्रृंखला में संस्था उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, सह-सचिव श्री के.एल. रामनानी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, अकादमिक डारेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी, विद्यालय प्राचाय अजय बहादुर सिंह, उप-प्राचार्या आशा चंगलानी एवं शिक्षकगण ने सिलिका आर्ट एण्ड डिजाइन कैरियर गाईड इंस्टीट्यूट द्वारा अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत छात्रों को असीम शुभकामनाएँ दी।

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में तेजस्विनी मेले का आयोजन

संत हिरदाराम नगर। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के ई. सेल और इंस्टीटूशन्स इनोवेशन कॉउंसिल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली के पावन त्यौहार के उपलक्ष्य में गुरूवार तेजस्विनी मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, ई. सेल और इंस्टीटूशन्स इनोवेशन कॉउंसिल के समस्त सदस्य, रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी, प्राध्यपिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राये उपस्थित थी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि उद्यमिता कौशल विकास के लिए तेजस्विनी मेले का आयोजन छात्राओं को व्यवहारिक शिक्षा प्रदान करता है। आत्म निर्भर भारत अभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा परिकल्पित नए भारत का दृष्टिकोण है। गो-लोकल की अवधारणा पर बात करते हुए उन्होने स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देने की बात की। उन्होंने कहा कि छात्राएं इस बात का विशेष ध्यान रखे कि व्यवसाय में लाभ अर्जन के साथ ग्राहकों की संतुष्टि भी महत्वपूर्ण है। आयोजन में 29 स्टॉल लगाए गए जिसमे हस्तशिल्प, मिट्टी के दिए, आभूषण, गृहसज्जा, खाद्य सामग्री एवं जैविक खाद्य इत्यादि मेले के मुख्य आकर्षण थे। बेस्ट एग्जीबीटर अवार्ड तनु दुबे, शिबा शेख और अनुष्का शर्मा के स्टॉल को प्राप्त हुआ।

दिग्विजय सिंह के समक्ष भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों का 2 लाख तक का कर्जा होगा माफ: दिग्विजय सिंह

गुना । दिग्विजय सिंह ने गुना जिले की बम्होरी विधानसभा क्षेत्र के फतेहगढ़ के मंडी प्रांगण में आम सभा को संबोधित किया । सभा में बीजेपी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह, जिला प्रभारी राघवेंद्र शर्मा, पूर्व मंत्री के एल अग्रवाल, प्रत्यासी ऋषि अग्रवाल के सभी ब्लॉक अध्यक्ष और हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जनता मोजूद रही।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने फतेहगढ़ में आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबों और आदिवासियों को खेती की जमीन के पट्टे, आवास पट्टे , पचायत का अधिकार, पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को अधिकार दिए। अब हर नामांकन और बटवारे में पैसा लगता है।सरकारी नौकरियों में नियुक्तियां नहीं हो रहीं, व्यापम में घोटाला हो रहा है। प्रदेश में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। 2018 में यहां से महेंद्र सिंह सिसोदिया को जीत दिलाई। और बाद में यह करोड़ों रुपए लेकर बीजेपी में शामिल हो गए। यहां का शासन कमीशन पर चल रहा है, 40 प्रतिशत तक कमीशन ले रहे हैं। यह सब शिवराज सिंह के देख रेख मैं हो रहा है। कांग्रेस ने सिंधिया को सांसद बनाया , बड़े श्रीमंत सिंधिया को सांसद बनाया मंत्री बनाया। उसके बाद भी इन्होंने पार्टी को छोड़ दिया। कांग्रेस ने आदिवासी गरीबों को सभी अधिकार दिलाए। जंगलों की जमीनों के अधिकार पत्ते देकर मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी जिनके सहयोग से दिए गए। गरीबों के बच्चों को पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति दी गई। ग्रामीण स्कूलों में शिक्षक नियुक्त करवाए। बिजली के बिलों ह्यह्न राहत देती रही कांग्रेस सरकार। कांग्रेस की सरकार बनती है तो किसानों का दो लाख तक किसानों का कर्जा माफ और बिजली का बिल भी माफ कर दिया जाएगा। वहीं प्रदेश में सभी को 100 यूनिट तक 100 रुपए का बिल दिया जायेगा। महिलाओं को 1500 रुपए और आदिवासी महिलाओं को केंद्र के 1000 रुपए साथ ही 1500 रुपए राज्य सरकार के द्वारा दिया जायेगा। एक बार फिर से आप सब कांग्रेस को वोट देकर सरकार बनाएं।

योजनाओं पर ताला लगाने वाली कांग्रेस पर लगा दो ताला: शिवराज सिंह

300 से अधिक लाड़ली बहनों के साथ मनाया धनतेरस का पर्व

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में हर दिन लगभग 10 से 12 चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहें हैं। त्यौहारों पर भी मुख्यमंत्री जनता जनार्दन के बीच पहुंच रहें हैं और संवाद कर रहें हैं। अष्टमी, महानवमी और विजयादशमी त्यौहारों के बाद धनतेरस पर्व पर भी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में कोतमा, अनूपपुर, मण्डला, बैहर, बालाघाट, परसवाड़ा, वारासिवनी, कटंगी, सीहोरा, भोपाल उत्तर और भोपाल मध्य विधानसभा समेत लगातार 11 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की शुभकामनाएं दी और 300 से अधिक लाड़ली बहनों के साथ पुराने भोपाल के चौक बाजार पहुचकर धनतेरस की खरीददारी की। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ बहनों ने धनतेरस पर फुलझड़ी चलाई, भजन गीत गाए और सराफा में खरीददारी की। खरीददारी के समय मुख्यमंत्री श्री चौहान का परिवार साथ था। भैया शिवराज के स्वागत में चौक बाजार के लोगो ने दिए जलाए, घरों के उपर से आतिशबाजी की। इस दौरान बहनों ने लाड़ले भैया शिवराज का भव्य स्वागत सत्कार भी किया।

मुख्यमंत्री हुए कहा कि, ये छीनने वाले लोग हैं, अभी लुभावने वादे करने आएंगे। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी तो दोहरे चरित्र वाले नेता है, तुमने कहा, किसानों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन किसानों को तुमने डिफाल्टर बना दिया। दिल्ली में बैठकर उद्योगपतियों को गाली देते हैं और मध्यप्रदेश में उद्योगपति सेठ कमलनाथ को ही मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान फेस बना दिया। तुम नारी सम्मान की बात करते हो लेकिन तुम्हारे नेता रोज माता, बहन और बेटी का अपमान करते हैं। नीतीश कुमार अमर्यादित बयान देते हैं और तुम्हारे मुंह में ताला लगा रहता है। तुम भ्रष्टाचार की बात करते हो लेकिन भूपेश बघेल जैसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के गले में हाथ डालकर घूमते हो। तुम तो मिस गाइडेड मिसाइल हो राहुल गांधी, तुम कहते कुछ हो और करते कुछ हो।

जबलपुर में जैन समाज के सदस्यों के साथ राहुल गांधी की चर्चा हुई। राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रदेश चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री ने पार्टी नेताओं के साथ प्रदेश कार्यालय में धनतेरस पूजन किया

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ धनतेरस पूजन कर प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा, प्रेम शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष विनोद गोटिया, राजेन्द्र सिंह राजपूत, माधव सिंह दांगी, सुरजीत सिंह चौहान, उमाकांत दीक्षित, श्रीमती श्वेता त्यागी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री तोमर एवं प्रदेश अध्यक्ष शर्मा दतिया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन शामिल हुए

दतिया। ये चुनाव सिर्फ विधायक चुनने का चुनाव नहीं है। ये 2024 में होने वाले लोकतंत्र के महायज्ञ के फाइनल से पहले सेमीफाइनल है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश का वर्तमान बनाने और भविष्य संवारने का काम कर रहे हैं। जनकल्याण और गरीब कल्याण के काम कर रहे हैं। लेकिन पार्टी की स्थापना सड़क, नाली जैसी सुविधाओं के लिए नहीं की गई। हमारी पार्टी की स्थापना भारतमाता को परमवैभव के शिखर पर पहुंचाने के लिए हुई है। हमें 2024 में श्री नरेंद्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाकर पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, अटलबिहारी वाजपेयी जी, कुशाभाऊ ठाकरे जी और राजामाता सिंधिया जी के सपनों को पूरा करना है। भारत को विश्वगुरु बनाना है। यह बात केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक श्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने दतिया के सेवढ़ा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता देवदुर्लभ हैं। कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी काम करे, तो उसका कोई न कोई स्वार्थ होता है। लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता बिना स्वार्थ के पार्टी के लिए काम करते हैं, अपना खून-पसीना बहाते हैं। श्री तोमर ने कहा कि किसी पार्टी का कद मंच पर बैठने वाले कार्यकर्ताओं से तय नहीं होता, बल्कि जमीन पर बैठकर सुनने वाले कार्यकर्ताओं से होता है। इन्हीं कार्यकर्ताओं के कारण पार्टी का महत्व होता है और उसे ताकत मिलती है।

केवल झूठ के सहारे जनता को गुमराह कर रहे हैं कांग्रेसी: ज्योतिरादित्य

राहतगढ़ में भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में केंद्रीय मंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

सागर। गोविंद सिंह राजपूत मंत्री नहीं, आपका बेटा है, आपका भाई है, आपका सेवक है, आपका रक्षक है। इस व्यक्ति ने जीवन भर जनता की सेवा की है। आज से 30-35 साल पहले जनता ने विकास का जो बीज बोया था। उस बीज को आपने ही पानी दिया है। आपने ही उसका संरक्षण करते हुए आपने ही उसका पालन- पोषण किया। आज वही बीज बटवृक्ष बनकर आपके सामने खड़ा है, जो आपकी सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहता। ऐसे व्यक्ति का नाम है गोविंद सिंह राजपूत। यह बात राहतगढ़ में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही। शुक्रवार को सुरखी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के समर्थन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए राहतगढ़ के दशहरा मैदान पहुंचे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आदरणीय कमलनाथ और आदरणीय दिग्विजय सिंह नहीं हूं, जो केवल झूठ और लूट के सहारे जनता को गुमराह कर रहे हैं। मेरा तो जहां संबंध है, वहां जान देने के लिए खड़ा रहता हूं। दोनों बड़े भाई (कमलनाथ) और छोटे भाई (दिग्विजय सिंह) ने राजनीति को सत्ता हासिल करने का खेल बना दिया। आपके क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बड़े नेता खूब चक्कर लगा रहे हैं, उन्हें आपके क्षेत्र के विकास से कोई लेना-देना नहीं, केवल सत्ता को पाना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप सभी के सपनों को संकल्प तक और संकल्प से सिद्धि तक ले गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेसी उसे विदेशी पक्षी की तरह हमारे मैदान में आते हैं, चुनाव के 2-3 महीने रहते हैं और चले जाते हैं। इसके बाद में पूरे 5 साल नहीं दिखाई देते। आप ही बताएं ? जो यहां से चुनाव लड़े हैं वह पिछले 5 साल में आपको कितनी बार नजर आए। कांग्रेसियों को मध्यप्रदेश का विकास नहीं, बल्कि कुर्सी का लालच है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि गोविंद सुरखी विधानसभा की सेवा अपने युवा रहते हुए कर रहे हैं। वे आपकी रक्षा के लिए तलवार, सुरक्षा के लिए सुरखी विधानसभा के एक-एक व्यक्ति के लिए ढाल बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरे पूज्य पिताजी के साथ रहने वाले गोविंद को जनता ने होनहार सेवक बना दिया है। उन्होंने कहा कि 18 महीने की कांग्रेस सरकार झूठ और लूट की सरकार रही है।

एम्स में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने 10-11-2023 को आग से होने वाली दुर्घटनाओं और जलन की रोकथाम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अस्पताल में एक पैदल मार्च निकाला गया जिसमें एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उन्होंने जलने की रोकथाम के बारे में समाज को अधिक जागरूक बनाने पर जोर दिया और दोहराया कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने सभी को समृद्ध और सुरक्षित दिवाली की शुभकामनाएं दीं और पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा नर्सिंग कॉलेज प्रवेश द्वार से शुरू हुई और एम्स भोपाल के सभागार पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में अस्पताल के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ, छात्र और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का लक्ष्य समुदाय के भीतर बड़ी संख्या में व्यक्तियों और परिवारों तक पहुंचकर जागरुकता उत्पन्न करना है। छात्रों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक प्लेकार्ड बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

दिवाली का त्यौहार मौज-मस्ती, खुशी और एकजुटता लाता है। बच्चे और युवा इस त्योहार के आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। दिवाली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। हर साल त्योहार के दौरान हमारे देश में बड़ी संख्या में लोग जलने से पीड़ित होते हैं। जलने से गंभीर दर्द, घाव और लंबे समय तक शारीरिक और भावनात्मक आघात होता है। कई मामलों में, सरल उपायों और सुरक्षा सावधानियों के माध्यम से इन्हें पूरी तरह से रोका जा सकता है।

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मक्सीनगर में किया रोड शो

शाजापुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को शाजापुर विधानसभा के मक्सीनगर में भाजपा प्रत्याशी श्री अरुण भीमावद के समर्थन में रोड़ शो किया। अपार जनसमर्थ के साथ हुए रोड शो में जगह जगह राष्ट्रीय महासचिव का पूरे नगर में स्वागत किया गया। रोड़ शो में उनके साथ क्षेत्रीय सांसद श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा प्रत्याशी श्री अरुण भीमावद, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री गोपाल पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री कालू पटेल भी मौजूद थे। रोड़ शो के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं चलाकर उनके दुख-दर्द को दूर करने का काम कर रही हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार ने 1 करोड़ 36 लाख से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का कार्य किया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस लूट, फूट और झूठ की पार्टी है। भाजपा ने जो कहा वो किया और जो कहेगी उसे समय के साथ पूरा करेगी। मध्यप्रदेश को अब बीमारू नहीं बेमिसाल राज्य के तौर पर जाना जाता है। कांग्रेस ने 15 महीने के शासन में सिर्फ घोटाला ही घोटाल किया और लोगों से जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया। विधानसभा चुनावों में और उसके बाद कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से लेकर असम तक कमल का फूल खिलाना होगा ,ताकि हमारा देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ता रहे। विजयवर्गीय ने कहा कि इस बार चुनाव मध्यप्रदेश के भविष्य को लेकर हो रहा है। युवाओं, माताओं और किसानों के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। बहन-बेटियों की जिंदगी संवारने का चुनाव है। विकास की रफ्तार को और गति देने का चुनाव है। इसलिए जरूरत है कि हम उस सरकार को चुनें जो विकास और प्रगति के लिए काम करती हो। गरीब कल्याण और आपके हितों के लिए काम करती हो। इस अवसर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित थे।

भाजपा ने चुरहट विधानसभा क्षेत्र को लेकर चुनाव आयोग में की शिकायत

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग में सीधी जिले के चुरहट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा तोड़फोड़ और बाधा उत्पन्न करने की शिकायत की है। इसी विधानसभा क्षेत्र में सोन नदी कि किनारे स्थित 114 संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षाबल तैनात करने के साथ रीवा, सीधी, सतना और सिंगरौली जिले के कर्मचारियों को मतदान दलों में शामिल नहीं करने की मांग भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने की है। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि सीधी जिले के चुरहट विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री शरदेंदु तिवारी के प्रचार-प्रचार में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा तोड़फोड़ की जा रही है। भाजपा प्रत्याशी के अनुमति प्राप्त सभा स्थल के पास कांग्रेस के प्रचार वाहन खड़ा कर शोर किया जा रहा है। 10 नवंबर को ग्राम दधिया में नुक्कड़ सभा आयोजित होनी थी, लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सभा स्थल पर लगे झंडे, बैनर उखाड़कर फेंक दिए। इस मामले में संबंधित थाना पुलिस ने प्रकरण भी दर्ज किया है। भय मुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करने की मांग की है।एक अन्य शिकायत में प्रतिनिधि मंडल ने कहा है कि चुरहट विधानसभा के 114 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं, जिनमें आधे सोन नदी के एक तट की ओर हैं और आधे दूसरे तट पर हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि इन 114 मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित थे, लेकिन अब इनकी संख्या घटकर 93 कर दी गई है। भौगोलिक स्थिति के कारण इन संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा बल तैनात किए जाएं।

स म्पा द की य

बदलते मौसम के संकेत समझें

बदलता जलवायु और बदलता मौसम हमें कई गंभीर संकेत दे रहा है, परंतु फिर भी हम खुद को बदलने के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। हम प्रकृति का आनंद तो उठाने तैयार रहते हैं, परंतु पर्यावरण को लेकर उतने गंभीर नहीं हो पा रहे हैं और न ही जागरूक। अधिकांश लोग तो केवल यही कहते सुनाई दे जाते हैं, हम कर ही क्या सकते हैं? और अकेले चना क्या भाड़ फोड़ सकता है? लेकिन क्या यह सवाल हम खुद से नहीं कर सकते, हम अकेले ही सही, क्यों पहल नहीं कर सकते? भुगतना तो सभी को पड़ेगा और पड़ ही रहा है।

सही बात तो यह है कि पूरी दुनिया में इस समय हमारी सबसे बड़ी चिंता बदलती प्रकृति और पर्यावरण को लेकर ही होनी चाहिए, शायद तभी आने वाले समय में हम कुछ गंभीर कदम उठा सकेंगे। लगातार आ रही खबरों के अनुसार लीबिया, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और अभी ब्राजील, इन सबमें बाढ़ की विभीषिका देखी जा चुकी है। और हिमालय क्षेत्र में हिमस्खलन -भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस तरह की घटनाएं हमें यह तो बता ही रही हैं कि सबकुछ ठीक नहीं है।

यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हम अभी तक इनको समझ नहीं पा रहे हैं। अक्टूबर-नवंबर में तापक्रम अब बदला हुआ-सा दिखता है। सर्दियों की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन मुंबई व अन्य शहरों के लोग अभी भी जुलाई-अगस्त की गर्मी में जी रहे हैं। मुंबई में तो मौसम अलग ही रहता आया है। दिल्ली या देश के किसी भी कोने में जो औसतन तापक्रम इन महीनों में होना चाहिए, वह उससे ऊपर ही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की उमस और तापक्रम को वेट बल्ब तापक्रम कहा जाता है। इसका मतलब है ऐसी गर्मी जिसमें उमस हो और जो आप को असहज बना देती हो। वैज्ञानिक भाषा में कहा जाता है कि इसकी सीमा प्राय: 26 से 30 के बीच में रहती है। और कभी-कभी ही यह 31 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंचती है। ये भी माना जाता है कि जब ये 32 से ऊपर पहुंच जाए तो जीवन के लिए खतरनाक बन जाती है।

आईपीसीसी की रपट तो यह कह रही है कि अब हालात ऐसे होंगे कि हम गर्मियों को सर्दियों में भी देखेंगे और वो गर्मी उमस से भी भरी होगी। यह सब बातें हम सुनते-देखते हैं और महसूस भी करते हैं लेकिन कभी गंभीर नहीं होते। हाल के दिनों में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के हालात को ही देखे। दिल्ली और आसपास के शहरों में दमघोंटू हवा ने हालत खराब करके रखी है। इसके दुष्परिणाम क्या होंगे, इसकी चिंता कुछ पर्यावरणविदों में जरूर पनप रही है, लेकिन आम आदमी इस चिंता से बहुत दूर है। रोजाना की हमारी गतिविधियां हमें अन्य चिंताओं से मुक्त रखती हैं, क्योंकि हमारी तात्कालिक रुचि नौकरी-पेशा से जुड़ी होती है। हर आदमी केवल इसी में लगा रहता है कि ये हमारा विषय नहीं है। हमारी अपनी इतनी समस्याएं हैं, उनमें कौन मदद करता है?

सही बात तो यह है कि हमारे लिए आने वाले समय की चिंता का कम से कम प्रकृति और पर्यावरण की दृष्टिकोण से कोई महत्व नहीं है। विज्ञानी रपटें तो यही कहती हैं कि आने वाले समय में हम और बीमारियों की चपेट में आ जाएंगे, जैसे कोविड ने हमें व्यथित किया था। यह भी माना जा रहा है कि एशिया में आने वाले समय में अगर स्थितियां ये ही रहीं तो करीब सन् 2050 तक 20 प्रतिशत क्षेत्र पूरी तरह सूखे में चले जाएंगे। वो इसलिए भी होगा कि हम बदलते पर्यावरण के प्रति गंभीर नहीं हैं।

और विशेषज्ञ यह भी कह रहे हैं कि जीडीपी, जो कि विकास का हमारा मूल मंत्र है, वो 2100 के अंत तक करीब 92 प्रतिशत नीचे सिर्फ इसलिए चली जाएगी क्योंकि प्रकृति-पर्यावरण हमारा साथ नहीं देंगे। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि जिस विकास के लिए हम आज जूझ रहे हैं और जिसके लिए हमने पर्यावरण की अनदेखी की है, वही कल दुष्परिणामों के साथ हमारे बीच होगा। कितनी अजीब बात है कि जब इस तरह की विपरीत परिस्थितियां होती हैं तो हम उनका आकलन पैसों में ही करते हैं। जब कोविड आया था तो दो ही चर्चाएं सबसे प्रमुख थीं। एक कि कितने लोगों का देहांत इससे हुआ और दूसरा हमारी जीडीपी कितनी पाताल में पहुंचीं। लेकिन कारणों में तो हमने कभी झांकने की कोशिश नहीं की। हम तो भोपाल गैस कांड जैसी विभीषिका से भी सबक लेने तैयार नहीं हैं। उसके मूल कारणों में कितने लोगों से झांकने की कोशिश की? कोविड से आज तक हमारे शरीर को पूरी तरह से निजात नहीं मिल सकी है।

एक प्रश्न तो कुछ गिने-चुने जागरूक लोग अवश्य उठा रहे हैं कि आज अगर दुनिया से पानी घट रहा है या फिर हवा-मिट्टी खराब हो चुकी हो, तो ये सब कहीं ठीक उस तर्ज में आंकड़ों के रूप में क्यों नहीं दर्ज होता, जिस तर्ज में हम गिरती-बढ़ती आर्थिकी को जीडीपी के रूप में मापते हैं? जबकि जीडीपी से लेकर पूर अर्थव्यवस्था ही हमारे पर्यावरण और पूरी जलवायु पर निर्भर होती है। हम इसे नकारने पर ही तुले हुए हैं। प्रकृति जब अपना रौद्र रूप दिखाती है, तभी हम थोड़ा समझने और सम्हलने के प्रयास करते हैं, बाकी तो अपनी आंखें मूंदकर अपने व्यक्तिगत मुद्दों में ही उलझे रहते हैं।

चुनावी त्यौहार, प्रचार में पौराणिक किरदार

सरयूसुत मिश्रा

मध्यप्रदेश के चुनावी प्रचार में हमेशा की तरह इस बार भी पौराणिक किरदारों की भरमार है. राम-लक्ष्मण, पांडव-कौरव, रावण-अहिरावण और कंस मामा सब चुनावी प्रचार में उतर गए हैं. पौराणिक किरदारों और आजाद भारत के राजनीतिक संस्कारों के बीच में द्वन्द ही आज सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया है. राजनीतिक और सरकारी प्रक्रिया में भारत के पौराणिक नायकों-महानायकों, सांस्कृतिक देवदूतों के गौरवगान और शिक्षा संस्कृति में सरकारी स्तर पर भारतीयता को स्थापित करने को लेकर ही राजनीतिक विवाद की स्थिति है।

देश की राजनीति दो धाराओं में बंटी हुई है. एक धारा धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भारत के सांस्कृतिक और पौराणिक गौरव की प्राण प्रतिष्ठा के विरुद्ध है तो दूसरी धारा का राजनीतिक आधार यही है. एमपी चुनाव में महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दे तो गायब से हैं. राम मंदिर का मुद्दा प्रमुखता से उभर कर आ गया है. कांग्रेस की ओर से भी पौराणिक किरदारों का उपयोग चुनावी अभियान में जमकर किया जा रहा है।

प्रियंका गांधी ने कांग्रेस की सरकार का भाजपा द्वारा अपहरण किए जाने की बात को चुनावी सभा में रावण के भाई अहिरावण द्वारा राम और लक्ष्मण का अपहरण कर पाताल लोक में ले जाने के पौराणिक संदर्भ से जोड़ा. प्रियंका गांधी ने शिवराज सिंह चौहान की मामा की छवि को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत करने के लिए 'कंस मामा' के संदर्भ को उल्लेखित किया।

कांग्रेस की ओर से नरेंद्र मोदी, शिवराज सिंह चौहान और जांच एजेंसियों को चुनावी पांडवों के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है. जहां पांडव होंगे वहां कौरवों की टीम स्वाभाविक है और भाजपा कांग्रेस को यही टीम बता रही है. राम जन्मभूमि का आंदोलन तो भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा आंदोलन बना हुआ है. राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का अवसर इन चुनावो में हिंदुत्व को उभारने के लिए बड़े मुद्दे के रूप में हर स्तर पर उपयोग किया जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की उपलब्धि की चर्चा चुनावी सभा में कर रहे हैं. योगी आदित्यनाथ तो चुनावी सभा में राम मंदिर के जीवित प्रतीक के रूप में जन आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं।

एमपी का चुनाव अब अंतिम चरण में पहुंच गया है. चुनाव में युवाओं की भूमिका हमेशा से निर्णायक रही है. इस चुनाव में भी 22 लाख युवा मतदाता पहली बार मतदान करने जा रहे हैं. युवाओं का रुझान चुनाव के रुख का निर्धारण करेगा. एमपी में बीजेपी की ओर से नरेंद्र मोदी और शिवराज के चेहरे हैं तो कांग्रेस की ओर से कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के चेहरे प्रमुखता से सामने हैं. जो युवा पहली बार मतदाता बने हैं उन्होंने ज्यादातर समय भाजपा की सरकारों का ही गवर्नेंस देखा है. युवाओं का मन टटोलने के लिए पहली बार मतदाता बने एक मेडिकल स्टूडेंट से चर्चा में युवा मन का नए तरीके का दृष्टिकोण ही नज़र आया।

युवा मतदाताओं का कहना है कि हमारे लिए लाइफ का यह फेज़ केवल एजुकेशन पर ही फोकस है. फिलहाल लाइफ में लाइवलीहुड और कमाई का कोई नजरिया नहीं है. परिवार की ओर से मिलने वाले जेबखर्च का उपयोग और स्टडी ही टारगेट है. पॉलिटिक्स का जहां तक सवाल है, पहली बार मतदान करना है तो यह उम्र अपना सोच विचार और चिंतन की होती है. युवा न्यूज़ चैनल या प्रिंट मीडिया से ज्यादा सॉफ्ट पावर मीडिया पर फोकस करता है. सॉफ्ट पावर के मामले में जो भी राजनीतिक दल अपनी नीतियों कार्यक्रम और विचार को इफेक्टिव तरीके और प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत करते हैं वे युवा मन को प्रभावित करता है. युवाओं के बीच सबसे बड़ा मुद्दा प्राइड और फियर का है।

कोई भी युवा किन बातों पर प्राइड करता है, वह हमारे लिए भी सबसे बड़ा मुद्दा है. पैरेंट्स प्राइड है, फैमिली प्राइड है तो नेशन, रिलिजन, कास्ट और कल्चरल हीरोज प्राइड को बढ़ाते हैं. कास्टप्राइड नेशनप्राइड का हिस्सा है. इस युवा की यह सोच दिमाग खोलने वाली है कि यह सोचना कि युवा धर्म से दूर है, सर्वथा गलत है. अगर बारीकी से कोई अध्ययन करेगा तो यह तथ्य सामने आएगा कि धार्मिक गतिविधियों और आयोजनों में सर्वाधिक भागीदारी युवाओं की दिखाई दे रही है।

प्राइड एक तरफ जहां युवाओं की सोच का केंद्र है वहीं भविष्य के लिए खतरे भी युवाओं को प्रभावित करते हैं. विश्वव्यापी धार्मिक परिदृश्य में इस्लामिक आतंकवाद, युवा सोच को डराने में राजनीति का अस्त्र बन जाता है. 'कश्मीर फाइल्स' और 'केरला स्टोरी' जैसी फिल्में भी इसी मानसिकता और सोच को गहरा करती रहीं।

इस युवा ने ऐसी क्रांतिकारी बात कही कि आजादी के आंदोलन में जैसे युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था उसी तरीके से देश के सांस्कृतिक गौरव की आजादी का जो आंदोलन इस समय चल रहा है उसकी मशाल भी युवाओं ने थाम ली है. इसको समझने में भले ही गलती हो लेकिन वक्त के साथ यही बात प्रमाणित होने वाली है. वुमन एंपावरमेंट और सोशल इक्वलिटी भी युवाओं की सोच को निर्धारित करते हैं. जो धर्म और संस्कृति महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता पर रोक-टोक करते हैं वह युवाओं को पसंद नहीं आते हैं।

इंडिया को भारत कहने का प्राइड भी युवा मन को प्रभावित करता है. 'सिकंदर महान' और 'अकबर महान' की कहावतें अब युवाओं की सोच से उतरने लगी हैं. भारत की संस्कृति और विरासत युवा सोच को प्राइड का अनुभव देती है. शहरों और स्टेशनों के बदले नाम भी युवाओं को सांस्कृतिक गौरव से जोड़ रहे हैं।

सभी राजनीतिक दल युवाओं को प्रभावित करना चाहते हैं. लेकिन युवाओं का मन इस बात में क्लियर है कि उनके लिए प्राइड के विषय क्या हैं और फियर के विषय क्या हैं? अब राजनीति का गोल-मोल सा स्टैंड युवाओं के कन्विक्शन को बदल नहीं पा रहा है।

सोशल मीडिया और सॉफ्ट पावर युवाओं की सोच को नया पावर दे रही है. जो पार्टी इस पावर को यूज करने में इफेक्टिव साबित होगी वही भारत का राजनीतिक भविष्य रहेगी. जो राजनीतिक चर्चाएं नफरत और जातिवाद के नकारात्मक नज़रिए से वोट बैंक को प्रोत्साहित करती हैं उनको भी समझने में यूथ टोटली क्लियर है।

अयोध्या में देव दीपावली का आयोजन प्रारंभ हो चुका है. सर्वाधिक दिए जलाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए जो दृश्य सामने आ रहे हैं उसमें बड़ी संख्या युवाओं की है. जो जय श्री राम के उद्घोष के साथ अपने रिलीजन प्राइड को आवाज दे रहे हैं. भारत में कभी मंदिरों का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण को सरकारी धन से करने के बारे में सोचने की प्रक्रिया धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ मानी जाती थी. भारत के लोग आज धार्मिक स्थलों पर दिव्यता और भव्यता के लिए किए गए ऐतिहासिक प्रयासों को रिलिजन प्राइड के रूप में महसूस करते हैं. मध्यप्रदेश के चुनाव में भी 'महाकाल लोक' की भव्यता और दिव्यता बहुत बड़े इलाके में मताधिकार को प्रभावित करने का काम कर सकती है।

एमपी विधानसभा चुनाव के अंतिम परिणाम महिलाओं और युवाओं के रुख पर ही तय होने जा रहे हैं. सर्वे और समीक्षा में करीबी मुकाबले का दिग्दर्शन शायद अंतिम नतीजे में देखने को नहीं मिलेगा. पूरा चुनाव 'प्राइड और फियर' के मुद्दों पर केंद्रित होता जा रहा है. किस दल की गतिविधियां प्राइड फील करा रही हैं और किस दल द्वारा फियर का वातावरण बनाया जा रहा है. यह समझने में युवाओं को कोई गफलत में नहीं डाल सकता. युवाओं का क्लियर स्टैंड राजनीति का सारा स्टैंड क्लियर करता दिख रहा है।

जांच एजेंसियों के प्रति बढ़ता अविश्वास

-राकेश दुबे

देश में अजीब माहौल है,लोकसभा के चुनाव सामने हैं और जाँच एजेंसियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रतिपक्ष इसे बदले की भावना से प्रेरित कार्यवाही कहने से भी नहीं चूक रहा है। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को समन किया था, ताकि शराब घोटाले के संदर्भ में पूछताछ की जा सके, लेकिन केजरीवाल ने समन को ही गलत तथा राजनीति से प्रेरित करार देते हुए पेश होने से इंकार कर दिया। उन्होंने कुछ सवाल भी पूछे कि जांच एजेंसी ने उन्हें मुख्यमंत्री अथवा आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर बुलाया है। ईडी ने उन्हें 'गवाह' या 'संदिग्ध' के तौर पर समन भेजा था।

वैसे भी भाजपा नेताओं के इन बयानों के मायने क्या हैं कि केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जा सकता है, लिहाजा यह समन भाजपा के निर्देशानुसार भेजा गया है! केजरीवाल ने ईडी को लिखे पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री के नाते उन पर काफी सरकारी दायित्व हैं और पार्टी का राष्ट्रीय नेता होने के नाते राज्यों के पार्टीजनों की अपेक्षा है कि वह चुनाव प्रचार करें। लिहाजा वह ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। चूंकि यह समन ही अवैध और अस्पष्ट है, लिहाजा उसे वापस ले लिया जाए।

ताज़ा खबर है कि ईडी केजरीवाल को नया समन भेजेगा। यदि जरूरत पड़ी, तो अदालत का हस्तक्षेप भी मांगा जा सकता है। केजरीवाल ईडी के तीन समन ठुकरा सकते हैं। यदि फिर भी वह पेश नहीं होते हैं, तो ईडी को अगली कार्रवाई के लिए अदालत में ही जाना पड़ेगा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी 5 समन भेज चुका है, लेकिन वह एक बार भी पेश नहीं हुए हैं। आजकल नेताओं ने ईडी के समन को गंभीरता से लेना छोड़ दिया है, क्योंकि सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि समन न मानने की स्थिति में ईडी किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकता है।

ऐसी स्थिति में अदालत में आना अनिवार्य है। बहरहाल ईडी के संदर्भ में ही एक घटना राजस्थान में हुई है कि वहां के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने ईडी के एक अधिकारी को 15 लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। वह अधिकारी इंफाल (मणिपुर) से राजस्थान आया था, ताकि भ्रष्टाचार के एक मामले को रफा-दफा किया जा सके। अब कांग्रेस नेता यह भी सवाल उठा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में जो काले संदूक आ रहे हैं और करोड़ों की धरपकड़ की गई है, उसमें ईडी या सीबीआई की कितनी संलिप्तता है? जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हुए हैं। इनसे सरकार और जांच एजेंसियों के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है और वे सवालिया होने लगी हैं।

आम आदमी की चिंता बढने लगी है कि जिन जांच एजेंसियों को, संविधान के तहत, भ्रष्टाचार की जांच का, जनादेश प्राप्त है, वे खुद ही दागी और कटघरे में मौजूद हैं।

बीते दिनों सीबीआई ने 5 करोड़ रुपए के भुगतान मामले में ईडी के एक सहायक निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कुछ दिन पहले असम पुलिस ने एक सीबीआई अधिकारी को गिरफ्तार किया था, जो एक व्यापारी से पैसे वसूलने की साजिश में जुटा था। बीते साल मई में खुद सीबीआई ने अपने ही चार सब-इंस्पेक्टरों को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था। ऐसे कथित भ्रष्ट मामलों की फेहरिस्त काफी लंबी है। प्रथमद्रष्ट्या माना जा सकता है कि हमारी प्रमुख जांच एजेंसियां भी दूध की धुली नहीं हैं।

यह बेहद गंभीर स्थिति है, लेकिन वे आर्थिक अपराधों को नहीं पकड़ सकतीं और कानूनी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकतीं, ऐसा मानना गलत है। दिल्ली शराब घोटाले के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने ही 338 करोड़ रुपए के मुनाफे और सरकारी जनसेवक को कथित घूस दिए जाने की बात अपने फैसले में कही है। हवाला मनी ट्रेल की ओर भी संकेत किया है।

यदि दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह क्रमशः 8 माह और 28 दिनों से जेल में हैं और शीर्ष अदालत तक जमानत खारिज होती रही है, तो उस पार्टी के संयोजक और सरकार के मुख्यमंत्री जिम्मेदार क्यों नहीं होंगे? ईडी को इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए केजरीवाल का पक्ष जानना बेहद जरूरी है। जांच एजेंसियों को दोतरफा लड़ाई का सामना करना है। भ्रष्टाचार बेनकाब होना चाहिए।

विश्व दयालुता दिवस- 13 नवम्बर

दयालुता मानवीय जीवन का सौन्दर्य है

- ललित गर्ग-

आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिये प्रतिवर्ष 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है. दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा।

विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाये'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ‘मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।’ इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं? क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है! 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक

सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियाँ साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला।

विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है. यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है।

विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिये दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊर्ध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नये सोच के साथ नये रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

मुख्यमंत्री आज सिवनी जिले के दौरे पर

सिवनी- जैसे जैसे चुनाव नज़दीक आ रहे है सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में अपनी ताक़त झोंक रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह लगातार चुनाव प्रचार में व्यस्त चल रहे हैं। वह केवलारी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क साध रहे हैं और मतदाताओं को आगामी 17 नवम्बर को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है। अपने जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने कहा कि 11 नवम्बर को पलारी में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की, कि प्रदेश की माता बहनों को लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी योजना देने वाले मुख्यमंत्री को अधिक से अधिक संख्या में सुनने के लिए पलारी में डूंडासिवनी, खैरपलारी समय-दोपहर 1-30 बजे पहुँचे।चोरपिपरिया में लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने कहा कि केवलारी में लड़ाई वंशवाद और विकासवाद के बीच है। एक तरफ़ विकास की चिंता करने वाली भाजपा है दूसरी तरफ़ वंशवादी कांग्रेस है जिसका विकास से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह ने अपना जनसम्पर्क ग्राम चोरपीपरिया से सुबह शुरू किया उसके बाद चीज़बंद, बंजर, पाथरफोड़ी, ढुटेरा, चंदरूटोला, कालीमाटी, दूधिया, झगरा, लोपा, खापा, पांजरा, धानागाढ़ा, लालोपार, मुंगपार, खैरी कंडिपार, गाँवों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

ग्लोबल स्कूल ओबेदुल्लागंज में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हुआ

औबेदुल्लागंज। .सभी ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान किया।शुक्रवार ग्लोबल स्कूल दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ ग्लोबल स्कूल के स्टाफ एवं संरक्षक मां लक्ष्मी की पूजा पाठ एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में बच्चों के लिए प्रतियोगिता व सभी विद्यालय की समस्याओं पर विचार करते उनका निदान किया गया। इस दौरान दीपावली पर्व भी बड़े उत्साहपूर्वक मनाया। एक दूसरे को पर्व की बधाई देते हुए शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। कार्यक्रम के अध्यक्ष व संरक्षकों ने सभी पत्रकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

जनता का प्यार ही मेरी ताकतः नीरज दीक्षित भाजपा प्रत्याशी के गढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी को मिला जोरदार समर्थन

नौगांव। समूचा विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है और इस अंचल की जनता अपने बेटे की तरह जो स्नेह मुझे देती है यही मेरी ताकत है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि जनता का यह कीमती प्यार और स्नेह मुझे हमेशा मिलता रहेगा। यह बात महाराजपुर क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित ने ग्राम अलीपुरा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने शुक्रवार को महाराजपुर अंचल की सबसे खास पंचायत अलीपुरा में जनसंपर्क किया तो यहां जनसमर्थन का नजारा ही अलग था। गांव की जनता-जनार्दन ने कांग्रेस प्रत्याशी की जोरदार अगवानी की। बता दें कि ग्राम अलीपुरा महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी का गृहग्राम है। छोटी किंतु राजनीति के मामले में चर्चित अलीपुरा पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी नीरज दीक्षित की जोरदार अगवानी की गई। जगह-जगह स्वागत कर ग्रामीणों ने समर्थन प्रदान किया तो वहीं तुलादान भी किया गया। इस मौके पर गर्रोली रियासत के पंतीराजा, अलीपुरा सरपंच विपुल सिंह, कांग्रेस नेता विनोद दीक्षित, संजय राजपूत, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नत्थू यादव, कल्लू कुशवाहा, भगगू अहिरवार, पुरूषोत्तम, हल्के सिंह, बाला कुशवाहा, झल्लू पटेल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

सीहोर। थाना कोतवाली अंतर्गत लुनिया चौराहा ओवरब्रिज के समीप शुक्रवार की सुबह फर्नीचर शॉप में भीषण आग लग जाने से लाखों रुपये का फर्नीचर स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर फायरब्रिगेड के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अज्ञात है। जानकारी अनुसार लुनिया चौराहे स्थित राधेश्याम विश्वकर्मा की फर्नीचर की दुकान में सुबह लगभग 8 बजे अज्ञात कारण से आग लग गई। लोगों ने बन्द दुकान से धुंआ उठता देख दुकानमालिक और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर तुरन्त पहुंची फायरब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

केवलारी में लगातार कम होता जा रहा है कांग्रेस का जनाधार

सिवनी- केवलारी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का जनाधार मुठ्ठी में रखे रेत की तरह धीरे-धीरे रिसता जा रहा है जिसका खामियाजा पिछले पंचवर्षीय विधानसभा चुनाव में देखने को मिला भी जहां से कांग्रेस का गढ़ माने वाली केवलारी विधानसभा सीट को भाजपा के दबंग विधायक राकेश पाल सिंह ने हथियाकर इतिहास बनाया। एक बार भारतीय जनता पार्टी ने राकेश पाल सिंह पर विश्वास जताते हुए अपना प्रत्याशी बनाया जिसका सीधा सामना कांग्रेस के पूर्व विधायक रजनीश सिंह से है।

केवलारी विधानसभा ही नहीं अपितु पूरे महाकौशल प्रांत के राजनीतिक चाणक्य एक मात्र क्षत्रप नेता माने जाने वाले पूर्व त्रिविभागीय मंत्री, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रहे स्व. ठाकुर हरवंश सिंह के समय चुनावों में सीधी टक्कर कांग्रेस और भाजपा की होती थी क्षेत्रीय पार्टियां उनके प्रभाव से उनका ही समर्थन करती थी। स्व. ठाकुर हरवंश सिंह ने अपने अपने कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र और क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाने जमीनी स्तर पर बहुत काम किए जिसका परिणाम यह हुआ कि आज विधानसभा क्षेत्र केवलारी मिनी पंजाब के नाम से जाना जाने लगा। इस क्षेत्र में नहरों जाल बिछाकर किसानों को समृद्ध बनाने के लिए उनका अंतिम समय तक साथ दिया आज क्षेत्रीय किसान और जनता उनके कार्यों को भूलकर भी भुला नहीं सकती लेकिन अपने पिता के इन कार्यों को उनके पुत्र पूर्व विधायक रजनीश सिंह भुना नहीं पाए और आज लगातार संघर्ष करने के बावजूद उन्हें पराजय ही हाथ लग रही है। इससे प्रतीत होता है कि पिता और पुत्र के व्यवहार में जमीन आसमान का अंतर था जो आज नजर आ रहे है जिसके चलते जो जनता ठाकुर स्व. हरवंश सिंह को अपना आदर्श मानती थी वह जनता आज उनके पुत्र को पसंद नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। इस क्षेत्र में कांग्रेस की लगातार निष्क्रियता के चलते तीसरी शक्ति के रूप में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपना जनाधार मजबूत करते हुए इस विधानसभा चुनाव में मजबूत स्थिति बना ली है। आदिवासी समाज की एकता इस बार कांग्रेस और भाजपा के लिए कड़ी चुनौती बनकर चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशी प्रीतम सिंह उइके के लिए तन-मन से प्रयास कर रहा है जिसके चलते यह चुनाव कांग्रेस भाजपा और गोंडवाना के बीच त्रिकोणीय हो गया है

कांग्रेस प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्र में कमलनाथ के वचन पत्र मे लिखी योजनाओं की जानकारी देते नजर आए

जबेरा। विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक प्रताप सिंह को इस बार फिर से अपनी जीत की आस नजर आ रही है। वह जहां भी जाते हैं लोगों को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस द्वारा जारी किय किए गए वचन पत्रों की जानकारी देने से नहीं सनहा चूकते हैं वह कमलनाथ की 18 माह की सरकार के कामकाज का भी उल्लेख करते हुए प्रदेश में कांग्रेस को कमलनाथ सरकार करते बनने का दावा क्षेत्र के अधूरे विकास के हुए क्षेत्र लिए एक मौका फिर से दिए जाने की अपील करते नजर आते हैं। नोहटा बाजार के दिन कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रताप सिंह के

समर्थन में रैली निकाली जनसंपर्क किया तथा इसके बाद एक जनसभा का आयोजन भी किया गया इस दौरान क्षेत्र के पूर्व विधायक पूर्व मंत्री स्व. रवेश सालोमन की बेटी तान्या व समर्थकों का उनको मिलने हुआ नजर आया। का साथ भी उल्लेखनीय कि पिछली विधानसभा चुनाव में सालोमन परिवार को बंगावत तथा निर्दलय चुनाव लड़ने की वजह से प्रताप सिंह के हाथ से जीत छटक कर दूर चली गई थी। इस बार उनको इस परिवार का साथ मिल रहा है लेकिन कांग्रेस के दो उपाध्यक्ष हरिराम आदिवासी और गोविंद भावल गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी विनोद राय के समर्थन में जुटे हुए हैं। हालांकि कांग्रेस उनको निष्कासित कर कर चुकी है लेकिन सि भी वह कांग्रेस का नुकसान करते का नजर आ रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेत्री जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर प्रताप सिंह को कितनी मदद कर पाती है उसका पता चुनाव परिणाम के बाद लग सकेगा।

छह दिवसीय महालक्ष्मी अनुष्ठान में धन तेरस के पर्व पर की मेहंदी और सिंदूर से अर्चन

सीहोर। शहर के गाड़ी अड्डा स्थित श्रीराम मंदिर में ब्रजधारा परिवार के तत्वाधान में हनुमान जी महाराज के आचार्यत्व में छह दिवसीय महालक्ष्मी अनुष्ठान में शुक्रवार को धन तेरस के पावन पर्व पर पूर्ण आहुति दी। हवन यज्ञ से पूर्व सभी ने श्री महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना की और मेहंदी, सिंदूर और अनार के दाने से श्री यंत्र की अर्चन की। छह दिवसीय महालक्ष्मी अनुष्ठान में सुबह यहां पर विराजमान मां लक्ष्मी, मां काली और सरस्वती की विशेष अर्चन की गई और दोपहर में पूर्ण आहुतियां दी गई। इस मौके पर पंडित अभिषेक उपाध्याय ने महालक्ष्मी की वंदना से श्रद्धालुओं को मां लक्ष्मी की कृपा से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी कृपा प्राप्ति के लिए श्रीयंत्र का सरल पूजन विधान है जिसकी सहायता से साधारण व्यक्ति भी विशेष लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस यंत्र को तांबे, चांदी और सोने किसी भी धातु पर बनाया जा सकता है। वैसे तो आप श्रीयंत्र की पूजा किसी दिन भी करें वो लाभकारी ही होती है परंतु शुक्रवार के दिन इसका विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि श्रीयंत्र, मां लक्ष्मी का प्रिय यंत्र है, इसीलिए इसकी पूजा करने से देवी लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

कांग्रेस तबाही और बरबादी का दूसरा नाम है- श्रीकांत

सिवनी- कांग्रेस का चरित्र और कार्यशैली विनाशलीला की रही है विकास से उसका ना कोई नाता है ना विकास की नीयत। जनता भी समझ चुकी है कि कांग्रेस आई तबाही लाई। कांग्रेस के लिए सत्ता देश की तबाही का एक साधन और हथियार मात्र है। कांग्रेस का अपराधियों और आतंकियों से एसा गठबंधन है जो प्रदेश को अराजकता की ओर ढकेलने का मंसूबों पाले हुए हैं। जब-जब कांग्रेस के हाथ में सत्ता आई है इन्होंने देश और प्रदेश को बर्बाद कर अपनी जेब भरने के अलावा कुछ काम नहीं किया।इस आशय की बात भाजपा मिडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा कही गई।

कांग्रेस का झूठ का गुब्बारा फूट गया है- श्री अग्रवाल ने कहा कि, इस बार प्रदेश में किसकी सरकार बनाना है यह मातृशक्ति तय करने वाली हैं। मतदान की तिथि नजदीक आ रही है लेकिन उससे पहले ही कांग्रेस को झूठ का गुब्बारा पंचर हो गया है, फूट गया है। कांग्रेस के झूठ के गुब्बारे की हवा निकल गई है। जब गुब्बारे की हवा तेजी से निकलती है, तो वह कैसे लड़खड़ाते हुए, शोर मचाता हुआ इधर-उधर भागता है। आजकल कांग्रेस के नेता वैसे ही लहराते हुए इधर-उधर भागते हुए शोर मचा रहे हैं।

कांग्रेस आई तो ना लाडली रहैगी ना बहना रहैगी- श्री अग्रवाल ने कहा कि, कांग्रेस पहले जब सत्ता में थी तो न सड़क, न बिजली न पानी की व्यवस्था थी ना इन्हें गरीबों की चिंता की ना ही किसानों, वंचितों, आदीवासी भाईयों, युवाओं, छात्रों, महिलाओं, वृद्धजनों की फिकर थी। फिर दोबारा 15 महीने के लिए सत्ता में आई तो भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाएं, संबल योजना, तीर्थ दर्शन योजना सहित सभी बंद कर दी, इन्हीं पापों के कारण कांग्रेस चली गई। वैसे तो कांग्रेस आएगी नहीं अगर भूल से आ गई तो लाडली बहना योजना बंद करेगी। ना लाडली रहेगी ना बहना रहेगी। ये अगर आ गए तो सारी योजनाओं पर ताला लगा देंगे। लेकिन अब जनता इनके सत्ता में आने के रास्ते पर ही ताला लगा देने का संकल्प ले चुकी है।

कांग्रेस ने गरीबों के सपने चकनाचूर कर दिये- श्री अग्रवाल ने कहा कि,भाजपा सामाजिक क्रान्ति के लिए काम करती है। देश और प्रदेश का समग्र विकास और जनता की जिन्दगी बदलना भाजपा का संकल्प है। बच्चों का भविष्य बेहतर करना भाजपा का लक्ष्य है।कांग्रेस ने गरीबों के सपनों को चकनाचूर कर दिया, वहीं भाजपा ने गरीबों के उत्थान और उसके सपनों को पूरा करने के लिए रात-दिन एक कर दिया है। आज श्री शिवराज सिंह जी के नेतृत्व में प्रदेश एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनता भाजपा के साथ है, मोदी जी के साथ है, शिवराज जी के साथ है। जनता विकास और विकास की सोच रखने वालों के साथ है।

विकास को रफ्तार देने भाजपा को भारी मतों से जिताएंःललिता यादव

चौबे कॉलोनी और रामाजी नगर में महिलाओं ने दिया जीत का आर्शीवाद

छतरपुर। छतरपुर विधानसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार श्रीमती ललिता यादव ने शुक्रवार को शहर के वार्ड क्र. 23 और 34 के अंतर्गत चौबे कॉलोनी, रामाजी नगर तथा सनसिटी कॉलोनी के बाहर घर-घर जाकर संघन जनसंपर्क किया। इस दौरान वार्ड के पुरूषों के साथ महिलाओं ने भी विजयश्री का आर्शीवाद प्रदान किया। वार्ड में जगह-जगह महिलाओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प व्यक्त किया।

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव के वार्ड में पहुंचते ही महिलाओं में अपार उत्साह देखा गया। महिलाओं ने उन्हें आत्मीयता से गले लगाया और कहा कि वे तो भाजपा को अपना मत और समर्थन दे रही है उनके संपर्क के सभी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश भक्ति की भावना से प्रेरित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का निश्चिय कर चुके है। महिलाओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्होंने स्टेडियम में सुनने के बाद पक्की तरह यह दृढ निश्चिय कर लिया है कि यदि देश और प्रदेश को बचाना है तो मोदी के हाथ मजबूत करना पड़ेगे। श्रीमती ललिता यादव ने भरोसा दिया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार न केवल मध्यप्रदेश और छतरपुर क्षेत्र का विकास तीव्र गति से करेगी बल्कि देश की सुरक्षा से कभी कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र के विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों को विकसित करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने यह बात अपनी सभा में मंच से कही भी। प्रधामनंत्री श्री मोदी के द्वारा जल्द ही केन बेतवा लिंक परियोजना धरातल पर उतारे जाने का काम शुरू होने वाला है। 45 हजार रुपए करोड़ा की इस परियोजना से बुंदेलखण्ड में समृद्धि आएंगी और बुंदेलखण्ड, पंजाब को भी कृषि के क्षेत्र में मात देकर आगे निकल जाएंगा। भाजपा की शिवराज सरकार में मंत्री रही श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि विकास का दूसरा नाम ही भाजपा है। उन्होंने खुद नगर पालिका अध्यक्ष के अपने कार्यकाल में शहर में सीमेंट रोड का जाल बिछाया था। प्रदेश में शिवराज सरकार और देश में मोदी सरकार विकास की नई इवारत लिख रही है। विकास का यह क्रम बरकरार रखने के लिए भाजपा को भारी मतों से जिताना बेहद जरूरी है।

हम सबनें ठाना हैं, वोट देने जाना हैं बक्स्वाहा में महिलाओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को दिया संदेश

छतरपुर। जिले में विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कि जा रहीं है। शुक्रवार को स्वीप एक्टिविटी अंतर्गत जिले भर में मतदाताओं को जागरूक करने कार्यक्रमों आयोजित किये गये। जिले के बक्स्वाहा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर रैली निकाली और मतदाताओं को 17 नवम्बर को वोट डालने का संदेश दिया। साथ नारे भी लगाये हम सबनें ठाना हैं, वोट देने जाना हैं। साथ ही बक्स्वाहा के विभिन्न ग्रामों निवार, कुही, पाली, विजावली, सुनवाहा, कैरवारा, मुडिया, बगरौदा, कुही, जामुनाझिंरी, खमरिया में भी रैली निकाली गई और शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में छतरपुर के पठापुर में शासकीय हाई स्कूल की छात्र-छात्राओं ने भी रंगौली बनाकर एवं रैली निकाल कर ग्राम के मतदाताओं को वोट डालने का संदेश दिया।

घर से मिली मतदान करने की सुविधा से प्रसन्न हैं बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता

हमने भइया वोट डार दई अब 17 तारीख खो सबजने डार आइयोः नन्नाई बाई

छतरपुर,। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 में 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग मतदाता जिनकी निःशक्तता 40 प्रतिशत से अधिक है के लिए डाक मतपत्र से घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। इस सुविधा से छतरपुर जिले के बुजुर्ग मतदाता प्रसन्न हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में 12डी फॉर्म उपलब्ध कराये गए थे। जिनमें सहमति देने वाले ऐसे 748 मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई। छतरपुर विधानसभा के ग्राम कदारी की 92 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती बिट्टन अवस्थी एवं पैर से दिव्यांग 32 वर्षीय महिला श्रीमती वंदना अवस्थी दोनों ने घर से ही मतदान करने की सुविधा का लाभ उठाया। दोनों एक ही परिवार से है और रिश्ते में सास-बहू हैं। वे कहती हैं कि हम वोट डालना चाहते थे और हमारी यह इच्छा निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई सुविधा से पूरी हो सकी। हमें मतदान केन्द्र तक पहुंचना कठिन पर मिली सुविधा से घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इसी गांव के 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती नन्नाईबाई इनकी सुनने उम्र के कारण सुनने की क्षमता कम हो गई है और चलने फिरने में भी दिक्कत होती है। अब घर से ही मतदान करके प्रसन्न हैं। वे कहती हैं हमने भइया वोट डार दई अब 17 तारीख खो सबजने डार आइयो। ग्राम की वृद्ध महिला श्रीमती सरी कुशवाहा ने भी घर से ही मतदान किया। उनकी उम्र 100 है। वे भी अपने मताधिकार का उपयोग कर खुश हैं। ग्राम की 82 वर्षीय वृद्ध महिला श्रीमती रामप्यारी सेन शारीरिक रूप अत्यंत कमजोर हैं। ज्यादातर समय बिस्तर पर ही आराम करती हैं। वे घर से ही मतदान करने के बाद उत्साहित है।

मां वैष्णो देवी धाम में 10 नवंबर से आरंभ होगा मां अन्नपूर्णा महोत्सव

सिवनी- ब्रम्हलीन द्वारका शारदा एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वारूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरण एवं मार्गदर्शन में नागपुर रोड स्थित ग्राम खैरी के समीप स्थित ग्राम सीलादेही की निरंजन पहाड़ियों पर उनके परम शिष्य स्व. गोविंद नेमा एवं उनके परिवार सहित नगर के धार्मिक व सामाजिक बंधुओं के सहयोग से मां वैष्णों देवी धाम की स्थापना वर्षों पूर्व की गई थी। प्राकृतिक पहाड़ियों को काटकर माता अन्नपूर्णा एवं मां वैष्णोंदेवी की प्रतिमा की स्थापना के उपरांत से ही पहाड़ियों की इस श्रृंखला में पौधारोपण कर इसे हरा-भरा बनाया जा चुका है, जहां वर्ष भर विभिन्न धार्मिक आयोजन के लिए हजारों श्रृद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते है। पहाड़ियों पर ही उद्यान का निर्माण कर यहा आंवले का एक विशेष जंगल है जहां आंवला नवमीं के अवसर पर महिलाएं पूजन-अर्चन हेतु आने के साथ ही यहां उत्सव भी मनाया जाता है। विगत 13 वर्षों से मां वैष्णोंदेवी धाम सीलादेही समिति द्वारा अन्नपूर्णा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 10 नवंबर को धनतेरस के पावन अवसर पर मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान के अनुसार प्रकांड पडितों की उपस्थिति में हो चुकी है। 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के दिन तक इस पहाड़ी पर मेले का आयोजन होगा, जहां ग्रामीण एवं शहरीय नागरिक पहुंचकर दर्शन लाभ ग्रहण करेंगे। परंपरा अनुसार कार्यक्रम के अंतिम दिन 27 नवंबर को प्रातः हवन पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं एवं समिति के माध्यम से 56 भोग का अर्पण मां अन्नपूर्णा को किया जायेगा, इस दौरान देश, प्रदेश एवं जिले की समृद्धि के लिए मां अन्नपूर्णा से कृपा दृष्टि बनाये रखने के लिए समिति पूजन-अर्चन करेंगी। दोपहर उपरांत महाप्रसाद में अर्पित किये गये 56 भोग के अलावा दाल-बाफले का वितरण भी उपस्थित होने वाले समस्त श्रद्धालुओं के लिए हर वर्ष की तरह किया जा रहा है जहां रात्रि तक क्षेत्रीय कलाकरों के माध्यम से संगीतमय कार्यक्रम भी होंगे। समिति ने इस अवसर पर जिले के सभी श्रद्धालुओं, सनातन धर्मियों से उपस्थित होकर धर्मलाभ कमाने का अनुरोध किया है।

गरीब कल्याण के लिए काम कर रही भाजपा सरकारः कैलाश विजयवर्गीय

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के रोड़ शो में जनता का मिला अपार जनसमर्थन

शाजापुर (मक्सी)। भाजपा के स्टार प्रचारक एवं राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को शाजापुर विधानसभा के मक्सी नगर में भाजपा प्रत्याशी अरुण भीमावद के समर्थन में रोड़ शो किया। अपार जनसमर्थ के साथ हुए रोड शो में जगह जगह राष्ट्रीय महासचिव का पूरे नगर में गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया की दोपहर 02 बजे श्री विजयवर्गीय हेलीकॉप्टर से मक्सी पहुंचे और हायरसेकेंडरी मैदान से खुली जीप में खड़े होकर रोड़ शो की शुरुआत की। जहा से भी रोड शो निकला आम नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। लगभग 45 मिनिट निकले रोड शो में पुरे मक्सी नगर का माहोल भाजपमय हो गया। रोड़ शो में उनके साथ क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, भाजपा प्रत्याशी अरुण भीमावद, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू पटेल भी मौजूद थे। रोड़ शो के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं चलाकर उनके दुख-दर्द को दूर करने का काम कर रही है। प्रदेश की शिवराज सरकार ने 1 करोड़ 36 लाख से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से निकालने का कार्य किया है। इस अवसर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित थे।

प्रारुप C-1

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम अन्य भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम और पता:- गोपाल सिंह डेहरिया, ग्राम कोनापिंडरई, पोस्ट सॉख, तहसील चौरई, जिला छिंदवाड़ा

राजनीतिक दल का नाम:- निर्दलीय

(स्वतंत्र अभ्यार्थी यहां निर्दलीय लिखे)

निर्वाचन का नाम:- मध्य प्रदेश विधानसभा

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- 124 चौरई विधानसभा, जिला छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश

मै गोपाल सिंह डेहरिया (अभ्यर्थी का नाम), उपयुक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं।

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश महोदय चौरई	सत्र प्रकरण क्रमांक एसटी/17/2023	29, 323, 365, 34 धारा	अपर एवं जिला सत्र न्यायधीश महोदय चौरई	विचाराधीन
2	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

सीमा पार तेज भुगतान का पता लगा रहे भारत-जापान, दास बोले- फिनटेक क्रांति में यूपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका

मुंबई ,एजेन्सी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) पर कहा कि भारत में फिनटेक क्रांति में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। दास ने गुरुवार को टोक्यो में एक संगोष्ठी में कहा कि यूपीआई की सफलता की कहानी वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय मॉडल बन गई है। मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से बैंक खातों के बीच तुरंत धन हस्तांतरण करने की इसकी क्षमता ने लोगों के डिजिटल लेनदेन के तरीके को बदल दिया है। इसके अलावा, यूपीआई को अन्य देशों की तेज भुगतान प्रणालियों के साथ जोड़ने का भी काम जारी है। फिनटेक का लाभ उठाने के साथ सीमापार से भुगतान को अधिक कुशल और सस्ता बनाने के लिए भारत और जापान की तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने की संभावना का पता लगाया जा सकता है।

फिनटेक परिवेश: दास टोक्यो में उद्योग मंडल टोक्यो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में भारतीय आर्थिक अध्ययन संस्थान की भारतीय अर्थव्यवस्था पर संगोष्ठी में कहा, आरबीआई का वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) परिवेश ग्राहक केंद्रित है। बेहतर संचालन व्यवस्था, प्रभावी निरीक्षण, नैतिक रूप से उपयुक्त गतिविधियां, जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने और स्व-नियामक संगठन के माध्यम से फिनटेक के स्व-नियमन को प्रोत्साहित करने पर जोर है।



हालिया उतार-चढ़ाव के बीच जीडीपी की रफ्तार रही मजबूत: भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर दास ने कहा, यह संतोष की बात है कि हाल के वर्षों में उतार-चढ़ाव भरे हालात में भी यह सुगमता से आगे बढ़ी है। अपनी अंतर्निहित मजबूती और सूझबूझ के साथ नीतिगत उपायों से वृद्धि को गति व मजबूती मिल रही है। हमारा आर्थिक प्रदर्शन महामारी के समय से सोच-विचार कर किए गए उपायों, उपयुक्त मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के दम पर बेहतर रहा है। हालांकि, मौजूदा अनिश्चित माहौल में आत्मसंतुष्टि की गुंजाइश नहीं है।

मूडीज - मजबूत घरेलू मांग से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को मिलेगी गति: मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2023 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को 6.7 फीसदी पर बरकरार रखा है। 2024 में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 6.1 फीसदी और 2025 में 6.3 फीसदी रह सकती है। मूडीज ने बृहस्पतिवार को कहा, घरेलू मांग में बढ़ोतरी निकट भविष्य में जीडीपी को आगे बढ़ा रही है। भारत की वृद्धि दर जून तिमाही में 7.8 फीसदी व मार्च तिमाही में 6.1 फीसदी रही थी। उच्च कीमतों पर मूडीज ने कहा, मुख्य महंगाई भी अगस्त में 4.8 फीसदी से कम होकर 4.5 फीसदी रह गई। लेकिन, असमान मौसम व भूराजनीतिक अनिश्चितता के बीच महंगाई पर जोखिम दिख रहा है।

तेज वृद्धि को टिकाऊ अर्थव्यवस्था से जोड़ने की जरूरत - सेबी सदस्य: सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने कहा, भारत की तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि को एक टिकाऊ अर्थव्यवस्था में तब्दील होने की जरूरत है। वित्त बाजार स्थायी वित्त को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अंतरराष्ट्रीय वित्त सम्मेलन में उन्होंने कहा, भारत सहित कई देशों ने पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कदम उठाए हैं।

सिलिकॉन रेंटल सॉल्यूशंस की वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही की कुल आय 37 प्रतिशत बढी

मुंबई, एजेंसी। भारत में रेंटल और रिटर्नेबल आधार पर संपूर्ण आईटी उपकरण प्रदान करने वाली एक आईटी उपकरण आउटसोर्सिंग कंपनी, सिलिकॉन रेंटल सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीएसई-543615) ने वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए सिलिकॉन रेंटल सॉल्यूशंस लिमिटेड के प्रमोटर, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री संजय हरीश मोतियानी ने कहा, वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही हमारे लिए अत्यधिक उत्साहजनक रही है. इस अवधि के दौरान हम हमारे प्रोडक्ट्स की जोरदार मांग के गवाह रहे, जो हमारे अपवादात्मक वित्तीय प्रदर्शन की कसौटी है. हमारा मजबूत ग्राहक संबंध आईटी उपकरण रेंटल के लिए प्राथमिक पसंद के तौर पर हमारी स्थिति बनाने में सहायक साबित हुआ है. यह पसंद लगातार हमारी सेवाओं की उच्च गुणवत्ता और समय पर कार्य पूर्ण करने के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता द्वारा चालित है. जैसे-जैसे भारत में अभूतपूर्व ग्रोथ होने और आर्थिक विस्तार के फलस्वरुप हमने आईटी उपकरण को खरीदने की बजाय किराए पर लेने के प्रति कॉर्पोरेट की पसंद में परिवर्तन अनुभव किया है. यह परिवर्तन हमारी आफरिंग में हमारे ग्राहकों के विश्वास को रेखांकित करता है. हमारे मजबूत ग्राहक संबंधों के साथ भारत की ग्रोथ स्टोरी हमारे भावी विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करेगी. हम आगे आने वाले सुअवसरों के बारे में उत्साहित है और हमारे ग्राहकों को विशिष्ट वैल्यू प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

वैशाली फार्मा की वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही की आय 9 प्रतिशत बढी

मुंबई, एजेंसी। फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट्स के विभिन्न रेंज के उत्पादन और मार्केटिंग में प्रवृत्त, वैशाली फार्मा लिमिटेड (एनएसई) ने वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही और दूसरी तिमाही के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए वैशाली फार्मा लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अतुल वसानी ने कहा, हम सहर्ष वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही के परिणाम पेश करते हैं. इनोवेशन, उच्च गुणवत्ता के मानक बनाए रखने की प्रतिबद्धता और मूल्यवान भागीदारी के मार्फत हमारे वैश्विक पदचिह्न के व्यूहात्मक विस्तार के प्रति हमारा दृढ़ समर्पण हमारी सफलता को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है. हमारे मौजूदा सहयोग और गठबंधन के अतिरिक्त न्यूट्रास्यूटिकल प्रोडक्ट्स सेगमेंट में हमारा प्रवेश भविष्य में महत्वपूर्ण ग्रोथ प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए सुसज्ज है. हम हमारे स्टेकहोल्डरों को वैल्यू प्रदान करने और विश्वभर के हेल्थ केयर वृद्धि में उल्लेखनीय योगदान देने पर पूर्ण फोकस के साथ उत्कृष्टता के प्रति हमारी यात्रा जारी रहने की दृढ़तापूर्वक उम्मीद व्यक्त करते हैं.

भारत के शहरों में उड़ेगी एयर टैक्सी, घंटों की दूरी मिनटों में होगी पूरी, दो कंपनियों ने मिलाया हाथ

नई दिल्ली,एजेन्सी। बुहत जल्द आप अपने शहर में एयर टैक्सी से उड़ान भरेंगे। दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में यह सेवा बहुत जल्द शुरू हो सकती है। इसके लिए इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज अमेरिका की इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफऔर लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान आर्चर एविएशन के साथ हाथ मिलाया है। दोनों कंपनियों का इरादा देश में पूर्ण-इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा 2026 में शुरू करने का है।

इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज यह सेवा आर्चर एविएशन के साथ मिलकर शुरू करने की योजना बना रही है। एक बयान में कहा गया है कि इसके साथ ही इंटरग्लोब-आर्चर उड़ान का लक्ष्य यात्रियों को राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस से हरियाणा के गुरुग्राम तक करीब सात मिनट में ले जाने का है। सड़क मार्ग से इस 27 किलोमीटर की यात्रा में एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है। दोनों कंपनियों की एक संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि इंटरग्लोब के समूह प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया और आर्चर के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर निखिल गोयल ने एक प्रस्तावित साझेदारी बनाने के लिए एक एमओयू पर साइन किए। हालांकि, इसके लिए अभी नियामकीय मंजूरी ली जानी है।

प्रेस रिलीज के मुताबिक कम शोर वाली इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा जो जमीनी परिवहन के साथ लागत-प्रतिस्पर्धी है, के माध्यम से दोनों कंपनियों का लक्ष्य देश के लिए एक क्रांतिकारी परिवहन समाधान प्रदान करने के साथ ही सुरक्षित, टिकाऊ के साथ शहरी गतिशीलता में सुधार करना है।

कंपनियों की यह भी है योजना- शहरी हवाई टैक्सी सेवाओं के अलावा, दोनों कंपनियां भारत में इलेक्ट्रिक विमान के लिए कार्गो, लॉजिस्टिक्स, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ चार्टर सेवाओं सहित कई अन्य उपयोग के मामलों को आगे बढ़ाने की योजना बना रही हैं। बता दें वर्तमान में भारत में ईवीटीओएल-विशिष्ट नीति और नियम नहीं हैं, और उनके संचालन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा भी अस्तित्व में नहीं है।

विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला का छलका दर्द, कहा- पेशाब कांड की मास्टरमाइंड हैं रीति पाठक

सीधी। जिले के बहुतचर्चित पेशाब कांड के बाद विधायक केदारनाथ शुक्ला का टिकट कटने से उन्होंने कुछ दिन पहले शक्ति प्रदर्शन किया था। वहीं अब उन्होंने सीधी से भाजपा की प्रत्याशी रीति पाठक पर एक बड़ा आरोप लगा दिया। उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया है कि पेशाब कांड की मास्टरमाइंड सांसद रीती पाठक हैं।

उन्होंने कहा है कि अपनी इच्छाओं के लिए उन्होंने दिल्ली में इस कदर माहौल क्रिएट किया कि मेरा टिकट कट गया और उन्हें सीधी विधानसभा सीट से टिकट मिल गया। दरअसल बयान जैसे ही यह वायरल हुआ क्षेत्रीय गलियारों में हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला ने ये भी कहा कि जनता सब जानती है मुझे भी सब मालूम है, इसीलिए जनता अब इसका जवाब देगी।

पार्टी ने रीति पाठक को दिया टिकट

बता दें कि लगभग 1 साल पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। जिसमें सीधी जिले के कुंवारी के रहने वाले दशमत रावत के ऊपर इस गांव के रहने वाले प्रवेश शुक्ल ने नशे की हालत में पेशाब किया था। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और तत्काल बुल्डोजर लगाकर प्रवेश शुक्ल के घर को भी जमींदोज कर दिया था। उसी के बाद आने वाले विधानसभा चुनाव में विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला का टिकट भी काट दिया गया और उनकी जगह मौजूदा सांसद रीति पाठक को टिकट दे दिया गया।

इंडो-पैसिफिक इकनॉमिक फ्रेमवर्क में भाग लेंगे पीयूष गोयल, टेस्ला के अधिकारियों से भी मिलेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इंडो-पैसिफिक इकनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए 13-16 नवंबर तक अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को की यात्रा करेंगे। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। उम्मीद की जा रही है कि गोयल टेस्ला के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर भारत के बाजार में कार विनिर्माता कंपनी के प्रवेश पर बात करेंगे। हालांकि इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। यह भी उम्मीद की जा रही है कि वह वैश्विक रूप से जाने माने टेक्नोलॉजी, उद्यमशीलता और शैक्षिक क्षेत्र से जुडे लोंगों के साथ भी सिलिकान वैली में मुलाकात करेंगे, जिसमें भारत में निवेश करने को इच्छुक इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर, टेक्नोलॉजी और फिनटेक की अमेरिकी कंपनियों पर ध्यान होगा।

विदेशी मुद्रा भंडार में 4.67 बिलियन डॉलर का इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में जोरदार उछाल देखने को मिला है। 3 नवंबर, 2023 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा कोष में साढ़े चार बिलियन डॉलर से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है। आरबीआई के डेटा के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार 4.67 अरब डॉलर बढ़कर 590.78 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। जबकि इसके पहले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 586.11 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी मुद्रा भंडार का डेटा जारी किया है। डेटा के अनुसार 3 नवंबर, 2023 तक विदेशी मुद्रा भंडार 4,672 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ 590.783 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। विदेशी करेंसी एसेट्स में भी बड़ी उछाल देखने को मिली है। विदेशी करेंसी एसेट्स 4.392 बिलियन डॉलर बढ़कर 521.896 बिलियन डॉलर रहा है।

आरबीआई के गोल्ड रिजर्व में उछाल जारी है। आरबीआई का गोल्ड रिजर्व 200 मिलियन डॉलर के उछाल के साथ 46.123 बिलियन डॉलर रहा है। एसडीआर में 64 मिलियन डॉलर का उछाल रहा है और ये 17.975 बिलियन डॉलर रहा है। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में जमा रिजर्व 16 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.789 बिलियन डॉलर रहा है। ये माना जा रहा है कि हाल के दिनों में भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों का निवेश बढ़ा है जिसके चलते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा देखने को मिला है। इसका असर ये भी है कि इसके चलते भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट का भी विदेशी मुद्रा भंडार पर सकारात्मक असर पड़ेगा। कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के नीचे जा खिसका है।

उर्वी टी एंड वेज लैंप्स का वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में कर बाद लाभ 61 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। इन्कंडेसेंट और वेज आधारित आटोमोटिव लैंप्स की एक प्रमुख निर्माता और सप्लायर, उर्वी टी एंड वेज लैंप्स लिमिटेड (एनएसई कोड) ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही और प्रथम छमाही के अपने अनआडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री नीरज डी. गड़ा ने कहा, वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही हमारी लाभप्रदत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्शाते हुए अत्यधिक सकारात्मक नोट के साथ शुरू हुई, जो अच्छी तरह से निष्पादित की गई व्यूहात्मक पहल की सीरीज के कारण हो सकती है. हम उद्योग के प्रमुख ओईएम के टियर 1 पार्टनरों के विश्वसनीय सप्लायर्स है. इससे हमारे विस्तृत पोर्टफोलियो से उच्च क्वालिटी के प्रोडक्ट्स डिलीवर करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जिससे बाजार में पसंदीदा सप्लायर के रूप में हमारी स्थिति और मजबूत हो रही है।

मामाअर्थ की शेयर बाजार में हालत खराब, 15 प्रतिशत लुढ़का भाव, 300 के नीचे आया दाम

नई दिल्ली,एजेन्सी। ब्यूटी और स्कीन केयर कंपनी होनसा कंज्यूमर लिमिटेड के शेयरों में आज यानी शुक्रवार को 15 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। मामाअर्थ के नाम से प्रोडक्ट बेचने वाली यह कंपनी शुक्रवार को बीएसई में 291.50 रुपये के लेवल पर ओपन हुई थी। लेकिन फिर ये लुढ़कते हुए 256.10 के इंट्रा-डे लो-लेवल पर पहुंच गई। सुबह 11.15 मिनट के आस-पास कंपनी के शेयर 5.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 284.90 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे।

मंगलवार को हुई थी लिस्टिंग : होनसा कंज्यूमर लिमिटेड के आईपीओ की लिस्टिंग इसी हफ्ते मंगलवार को हुई थी। कंपनी के शेयर 4 प्रतिशत से अधिक के प्रीमियम के साथ 324 रुपये पर लिस्ट हुए थे। हालांकि, लिस्टिंग के बाद से कंपनी के कुछ भी अच्छा नहीं रहा। उसके बाद से लगातार तीसरे दिन मामाअर्थ का स्टॉक नीचे लुढ़क गया है।

31 अक्टूबर को होनसा कंज्यूमर आईपीओ हुआ था ओपन : होनसा कंज्यूमर का आईपीओ 31 अक्टूबर 2023 को ओपन हुआ था। निवेशकों के लिए यह आईपीओ 2 नवंबर 2023 तक ओपन था। मामाअर्थ के आईपीओ का प्राइस बैंड 308 रुपये प्रति शेयर से 324 प्रति शेयर तय किया गया था। कंपनी ने एंकर निवेशकों के जरिए 765.20 करोड़ रुपये जुटाए थे।

मामाअर्थ के आईपीओ का साइज 1701.44 करोड़ रुपये का था। कंपनी ने आईपीओ के जरिए 1.13 करोड़ फ्रेश शेयर जारी किए गए हैं। वहीं, ऑफर फॉर सेल के तहत 4.12 करोड़ शयेर जारी किए गए थे। 3 दिन के ओपनिंग के दौरान कंपनी के आईपीओ को 8 गुना से अधिक सब्सक्राइब किया गया था।

दिवाली से पहले सरकार का बड़ा तोहफा, कर्मचारियों को मिलने लगा ब्याज का पैसा

नई दिल्ली,एजेन्सी । दिवाली से पहले कर्मचारियों के लिए गुड न्यूज आई है। एंप्लॉयीज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन नें प्रोविडेंट फंड अकाउंट्स में ब्याज का पैसा ट्रांसफर करना शुरू कर दिया है। बता दें, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफओ ने निवेश के लिए ब्याज दर 8.15 प्रतिशत तय किया था।

ईपीएफओ की तरफ से दी जानकारी के अनुसार कुछ कर्मचारियों के खाते में ब्याज का पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है। हालांकि, सभी अकाउंट्स में पैसा ट्रांसफर करने में अभी समय लगेगा। ऐसे में अगर आपके खाते में ब्याज का पैसा अब तक ना क्रेडिट हुआ हो तो परेशान ना हों। आने वाले दिनों में यह मिल सकता है।

क्या कहा है ईपीएफओ ने? : ईपीएफओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है, ÷पूरा प्रोसेस पाइपलाइन में है। जल्द ही ब्याज का पैसा दिखाई देने लगेगा। जब भी ब्याज क्रेडिट होगा वो पूरा किया जाएगा। कृपया धैर्य बनाए रखें।÷ बता दें, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पहले ही कह चुके हैं कि कुल 24 करोड़ अकाउंट्स में ब्याज का पैसा ट्रांसफर कर दिया गया है।

हर साल तय किया जाता है ब्याज दर : पीएफ के लिए ब्याज दर हर साल ईपीएफओ का सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी वित्त मंत्रालय से सुझाव के बाद तय करता है। इस साल जून में ईपीएफओ ने ब्याज दरों का ऐलान किया था। बता दें, कोई भी ईपीएफओ सब्सक्राइबर टेक्सट मैसेज, मिस्ड कॉल, ऊमंग ऐप और ईपीएफओ वेबसाइट के जरिए बैलेंस चेक कर सकता है।

रेलिगेयर मामले में नया मोड़, शेयर बेचने की जांच के लिए बर्मन फैमिली ने लिखी चिट्ठी

मुंबई,एजेन्सी। रेलिगेयर मामले में एक नया मोड़ आया गया है। डाबर के प्रमोटर्स अरबपति बर्मन फैमिली ने सेबी को एक पत्र लिखा है। प्रमोटर्स की तरफ से लिखे गए इस लेटर में रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की चेयरपर्सन रश्मि सलूजा के शेयरों की बिक्री की जांच की मांग की गई है। बर्मन फैमिली के द्वारा कंट्रोल की जा रही 4 यूनिट्स ने 9 नवंबर को मार्केट रेगुलेटर सेबी को लिखे ईमेल में कहा गया है कि परिवार के एक प्रतिनिधि से मिलने के तुरंत बाद रश्मि सलूजा ने अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेच दिया।

क्या है पूरा मामला?: ईटी की रिपोर्ट के अनुसार बर्मन फैमिली एमबी फिनमार्ट, पुरन एसोसिएट्स, वीआईसी एंटरप्राइजेज और मिल्की इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग के मिलाकर रेलिगेयर का 21.24 प्रतिशत हिस्सा है। रिपोर्ट के अनुसार बर्मन फैमिली के प्रतिनिधि ने जब रश्मि सलूजा को बाया किया परिवार जल्द ही ओपन ऑफर के जरिए कंपनी में निर्णायक हिस्सेदारी खरीदने की योजना बना रहा है। दावा किया गया है कि इसी मीटिंग के बाद सलूजा ने अपनी हिस्सेदारी का हिस्सा बेच दिया। बर्मन फैमिली की तरफ से कहा गया है कि उनके प्रतिनिधि अर्जुन लांबा के साथ बर्मन फैमिली की मीटिंग हुई थी। इसी मीटिंग के बाद सलूजा ने 1.29 लाख शेयर 34.71 करोड़ रुपये में 21 से 22 सितंबर के दौरान बेच दिए। वहीं, इस पूरे मसले पर रेलिगेयर के प्रवक्ता का कहना है कि सलूजा के द्वारा बेचे गए शेयर का हुई मीटिंग से कोई लेना देना नहीं है।

रेलिगेयर के स्वतंत्र निदेशकों ने भी बर्मन फैमिली पर लगाएं हैं गंभीर आरोप : यह लेटर तब सामने आया है जब रेलिगेयर के स्वतंत्र निदेशकों ने बर्मन फैमिली के खिलाफ सेबी, आरबीआई, इंश्योरेंस रेगलुटर से जांच की मांग की है। स्वतंत्र निदेशकों ने बर्मन फैमिली पर धोखाधड़ी सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने रेलिगेयर के फाउंडर्स मलविंदर सिंह और शिविंदर सिंह से साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। ये दोनों फाउंडर्स इस समय पैसों की हेराफेरी के मामले में जेल के अंदर हैं।

डेलॉयट सर्वे: भारतीय बैंकों में वर्ल्ड डिजिटल चैंपियन बनने की क्षमता, ई-बैंकिंग में तेजी से हो रहे परिपक्व

नई दिल्ली,एजेन्सी। भारतीय बैंकों में दुनियाभर के बैंकों को पछाड़कर 'डिजिटल चैंपियन' बनने की क्षमता है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बैंकों का डिजिटल मैच्योरिटी स्कोर अमेरिका, चीन, यूके और ब्राजील जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के बैंकों से भी बेहतर है। डिजिटल लेन-देन में बैंकों का रोल बहुत अहम माना जाता है। दुनियाभर के बैंक कितनी तेजी से डिजिटल मैच्योरिटी यानी अपने कामकाज को डिजिटल तरीके से कर रहे हैं। इसके लिए ग्लोबल कंसलटेंसी फर्म डेलॉयट की डिजिटल बैंकिंग मैच्योरिटी (डीबीएम) ने 41 देशों के 304 बैंकों का सर्वे किया और पाया कि भारतीय बैंक दुनियाभर के बैंकों की तुलना में डिजिटल मैच्योरिटी स्कोर में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

1,208 डिजिटल बैंकिंग कार्यो पर किया सर्वे: बैंकों का मुलायंकन करने के लिए सर्वे में 1,208 डिजिटल बैंकिंग कार्यों को शामिल किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से रिटेल कस्टमर लाइफ साइकिल, इन्फॉर्मेशन जुटाना, खाता खोलना, कस्टमर ऑनबोर्डिंग, डे-टू-डे बैंकिंग, कस्टमर रिलेशन को बढ़ाना था। हर सेगमेंट में 10 प्रतिशत प्रदर्शन करने वालों को 'डिजिटल चैंपियन', उसके बाद 'डिजिटल स्मार्ट फॉलोअर्स', 'डिजिटल एडॉप्टर्स' और 'डिजिटल लेटकमर्स' की उपाधि दी गई।

मोबाइल बैंकिंग में भारतीय बैंकों को 3 प्रतिशत अधिक अंक मिले: भारतीय बैंकों ने सर्वे बेहतर प्रदर्शन किया और कई प्रमुख कस्मटर जर्नी में ग्लोबल एवरेज को पीछे छोड़ दिया। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में सबसे आगे होने के कारण भारतीय बैंक ग्लोबल एवरजे की तुलना में अच्छी स्थिति में हैं। भारतीय बैंकों ने मोबाइल बैंकिंग में ग्लोबल एवरेज से 3त्न अधिक और इंटरनेट बैंकिंग में 1त्न अधिक अंक प्राप्त किए। उन्हें 'डिजिटल स्मार्ट फॉलोअर्स' और 'डिजिटल एडॉप्टर्स' का खिताब मिला।

अडानी के शेयर के लिए बॉय कॉल, 1150 रुपये तक जा सकता है भाव

मुंबई,एजेन्सी। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के दूसरी तिमाही के नतीजे विश्लेषकों के उन अनुमानों को मात देने में कामयाब रहे, जिनमें उसके रेवेन्यू में गिरावट की बात कही जा रही थी। कंपनी को भले ही ब्लू क्रेडिट राइट-ऑफ के कारण लाभ को नुकसान हुआ लेकिन की राजस्व में वृद्धि 28 फीसद हुई।

विश्लेषकों ने स्टॉक पर अपनी %ब्ह4% कॉल को बनाए रखा है। कुछ ब्रोकरेज ने स्टॉक पर 1150 रुपये तक का टार्गेट प्राइस रखा है, जो काउंटर पर 30 फीसद तक की संभावित बढ़त का संकेत देता है। अडानी पोर्ट्स आज करीब 11 बजे 1.10 फीसद ऊपर 845.25 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

अडानी ग्रुप का सबसे मजबूत स्टॉक: इसका 52 हफ्ते का हाई 916 रुपये और लो 395.10 रुपये है। हिंडनवर्ग की रिपोर्ट के बाद से अब तक इस स्टॉक में केवल महज 7 रुपये प्रति शेयर का ही नुकसान है। इसके विपरीत अडानी के अन्य स्टॉक्स 84 फीसद तक टूट चुके हैं। पिछले छह महीने में इसने करीब 18 फीसद की बढ़त हासिल की है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अडानी पोर्ट का टार्गेट प्राइस 958 रुपये रखा है। नुवामा ने कहा, मजबूत विकास और पूंजीगत व्यय पर विवेकपूर्ण खर्च के साथ, हम उम्मीद करते हैं कि अगले कुछ वर्षों में रिटर्न अनुपात और ऋण मेट्रिक्स में सुधार होगा।

मोतीलाल ओसवाल ने दिया 1,050 रुपये का टार्गेट: मोतीलाल ओसवाल सिक्योरिटीज ने स्टॉक पर 1,050 रुपये के लक्ष्य का सुझाव देते हुए कहा, ÷हाल ही में अधिग्रहीत बंदरगाहों पर परिचालन रैंप-अप से वित्त वर्ष 2023-25 में कार्गो वॉल्यूम में 13 फीसद की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे राजस्व/एबिटा/पीएटी सीएजीआर क्रमश- 20 फीसद, 17 फीसद और 12 फीसद बढ़ जाएगा। अडानी पोर्ट्स पर जेफरीज ने 985 रुपये के टार्गेट प्राइस के साथ अपनी %ब्ह4% बरकरार रखा है। जबकि सीएलएसए ने स्टॉक का मूल्य 878 रुपये पाया है।

अडानी पोर्ट्स की वित्तीय सेहत: अडानी पोर्ट्स को मई में 24,000-25,000 करोड़ रुपये का राजस्व और 14,500-15,000 करोड़ रुपये का एबिटा हुआ था। अडानी समूह की इस कंपनी ने कहा कि वर्ष के दौरान कुल पूंजीगत व्यय 4,000-4,500 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। अप्रैल अक्टूबर में अडानी पोर्ट्स ने अपने वित्त वर्ष 2024 के 370-390 एमएमटी के गाइडेंस की तुलना में 240 एमएमटी कार्गो को संभाला।

(डिस्क्लेमर- विशेषज्ञों द्वारा दी गई सिफारिशें, सुझाव, विचार और राय उनके अपने हैं, लाइव हिन्दुस्तान के नहीं। यहां सिर्फ शेयर के परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है, यह निवेश की सलाह नहीं है। शेयर बाजार में निवेश जोखिमों के अधीन है और निवेश से पहले अपने एडवाइजर से परामर्श कर लें।)

सहायक प्राध्यापक शशि उइके को मिलीं पीएचडी की उपाधि

बिछुआ। आदिवासी अंचल बिछुआ विकासखंड के शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ श्रीमती शशि उइके को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वारा पीएचडी उपाधि से अलंकृत किया गया। शशि उइके ने शोध निर्देशक डॉ पूनम शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में प्रवासी साहित्यकार उषा प्रियंवदा के कथा साहित्य में नारी समस्या का समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर पीएचडी उपाधि हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सेवानिवृत्त प्राचार्य संतलाल उईके, माता सहायक शिक्षिका श्रीमती ज्ञानवती उईके, गुरू डॉ आरएन झारिया, भाई कपिल और कुबेर, पति उत्तम कुमार नर्रे समेत परिजनों को दिया।

सन्तोष ने चुनाव आयोग को शिकायत की

छिंदवाड़ा। भाजपा के सन्तोष राय ने चुनाव आयोग के प्रेक्षकों को शिकायत की है एक साहू परिवार द्वारा उनके मोहल्ले में मतदाताओं को प्रलोभन देकर उन्हे प्रभावित कर रहे है, शिकायत पर कार्यवाही की मांग की गई।

गांजा बेचते हुए युवक को पकड़ा

अमरवाड़ा। थाना अमरवाड़ा में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पिपरिया राजगुरू बायपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में दो व्यक्ति अपने कब्जे में अवैध मादक पदार्थ गांजा लिये हुये बेचने के लिये खरीददार का इंतेजार कर रहे हैं कि सूचना प्राप्त होने पर थाना अमरवाड़ा पुलिस द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के सभी आज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुये रेड कार्यवाही कर ग्राम पिपरिया राजगुरू बायपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में अंकित अमित कुमार अमरवाड़ा को अपने कब्जे में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुये पकड़ा गया। आरोपीगणों के पास से 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 13000 रूपये का जप्त किया गया। आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना अमरवाड़ा पुलिस स्टाफ निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे थाना प्रभारी अमरवाड़ा, उपनिरी.दीपा ठाकुर, सउनि द्वारा पाल, प्र.आर. जयसिंह बघेल, प्र.आर. रामगनेश तिवारी, आर राजेन्द्र बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मैने भाजपा को समर्थन नहीं दिया

परासिया। परासिया विधानसथा क्षेत्र में अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी संतोषी डेहरिया ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उन्होने भाजपा को समर्थन नहीं दिया है, भाजपा उसका गलत प्रचार कर रही है।

जुन्नारदेव, चौरई तथा अमरवाड़ा में किया गया एरिया डॉमिनेशन व फ्लैग मार्च

छिंदवाड़ा। आगामी त्यौहारो व पर्वो एवं विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु आज दिनांक 10/11/2023 को विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में एरिया डामिनेशन की कार्यवाही हेतु विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव अंतर्गत थाना तामिया, चौकी देलाखारी, विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा अंतर्गत थाना हर्रई, थाना बटकाखापा, चौकी धनौरा तथा विधानसभा क्षेत्र चौरई के थाना चांद के विभिन्न क्षेत्रो में फ्लैग मार्च किया गया। एरिया डॉमिनेशन एवं फ्लैग मार्च के क्रम में आज विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव अंतर्गत थाना तामिया, चौकी देलाखारी, विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा अंतर्गत थाना हर्रई, थाना बटकाखापा, चौकी धनौरा तथा विधानसभा क्षेत्र चौरई के थाना चांद के विभिन्न क्षेत्रो में जिला बल एवं केन्द्रीय पुलिस बल की सीएपीएफ एवं सीआरपीएफ कंपनी के बल द्वारा किया गया जिसमें फ्लैग मार्च में सम्मिलित अधिकारियों के द्वारा वल्नरेबल क्षेत्र, क्रिटिकल मतदान केन्द्र के भ्रमण, एरिया डामिनेशन तथा नगर व कस्बे के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग की कार्यवाही की गई। एरिया डॉमिनेशन एवं फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन व निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव, अनुविभागीय अधि. (पुलिस) अमरवाड़ा, अनुविभागीय अधि. (पुलिस) चौरई, थाना प्रभारी तामिया, थाना प्रभारी चांद, थाना प्रभारी हर्रई, थाना प्रभारी बटकाखापा, चौकी प्रभारी लाखारी, चौकी प्रभारी धनौरा एवं सीएपीएफ,सीआरपीएफ अधिकारी भी पैदल एवं वाहन सहित सम्मिलित रहें।

भाऊ के ढाबे में टकरा रहे थे जाम आबकारी की पड़ी दबिश, मामला दर्ज

छिंदवाड़ा। मतदान की तारीख़ जैसे-जैसे पास आ रही है अवैध गतिविधियों को लेकर प्रशासनिक सख्ती बढ़ती ही जा रही है। इसी तारतम्य में गुरुवार की देर रात आबकारी की टीम ने ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प के निर्देश पर शहर के ढाबों पर छापा मारा। इस कार्यवाही का नेतृत्व ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का स्वयं कर रहे थे। इस दौरान कुल 5 प्रकरण दर्ज आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया।आबकारी की टीम ने रिंग रोड स्थित भाऊ के ढाबे और प्रतिष्ठा ढाबे से बडी मात्रा में देशी-विदेशी शराब और बियर जप्त कर संचालक के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया। वहीं बस स्टैंड स्थित शैलू डेली नीड्स से भी विदेशी शराब जप्त कर मामला दर्ज किया गया। बाला जी ढाबा और एक अन्य ढाबे में ग्राहक शराब पीते मिले। इन मामलों में संचालक के ख़िलाफ़ बिना लाइसेंस शराब परोसने का मामला दर्ज किया गया।

करोड़ों का हुआ व्यवसाय, धनतेरस के दिन बरसा धन

ऑटोमोबाइल्स, सराफा, इलेक्ट्रानिक्स दुकानों में जमकर हुई खरीददारी

छिंदवाड़ा। धनतेरस के दिन शनिवार को बाजारों में भारी भीड़ नजर आई ऐसे में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए व्यापारियों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी, पूरा बाजार सजा हुआ था। हर दुकानों में खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी। दुकानें भी रंग बिरंगी लाईटिंग सजी हुई थी। ग्राहकों की भीड़ को देखते हुए शहर की गलियों में जाम की स्थिति बनी हुई थी। दो पहिया वाहनों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा हालाकि पुलिस ने बड़े वाहनों को बाजार में अंदर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी ग्राहकों भीड़ के चलते जाम की स्थिति रही। धनतेरस के दिन खरीददारी करना शुभ माना जाता है जिसके चलते खरीददारी करने लोग पहुंचे। शहर के सराफा बाजार में जमकर भीड़ रही और लोगों ने लाखों की खरीददारी की, वहीं ऑटोमोबाईल्स क्षेत्र में भी दो पाहिया और चार पहिया वाहन खरीदने वालों का तांता लगा रहा यहां भी बड़ी संख्या में धनतेरस पर वाहन की खरीदी हुई और करोड़ों का व्यवसाय हुआ। इलेक्ट्रानिक्स दुकानों में भी खरीददारों की भीड़ लगी रही। नया सामान घर ले जाने लोग आतुर दिखे। कपड़ा बाजार भी धनतेरस के दिन गुलजार रहा। इतवारी, बुधवारी और शनिचरा प्रमुख बाजार में भीड़ देखते ही बनती थी। मंहगाई के बाद भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। फटाका बाजार भी पूरी तरह सज गया है। यहां भी धनतेरस के दिन लोग फटाका खरीदने के लिए पहुंचे। धनतेरस के दिन दुकानों में जमकर धन बरसा और करोड़ी का व्यापार हुआ। जिससे व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आए।

मतपत्र में पहले नम्बर पर आने वाले प्रत्याशी

छिंदवाड़ा कमलनाथ, सौंसर नानामोहोड, परासिया ज्योति धुर्वे, पांढुर्ना नीलेश उईके, चौरई लखन वर्मा, अमरवाड़ा कमलेश शाह, जुन्नारदेव नत्थन शाह

छिंदवाड़ा। वोटिंग मशीन में जो प्रत्याशी पहले नम्बर एवं आखिरी नम्बर पर रहता है उसे फायदा मिलता है यदि एक मशीन है,तो आखरी नम्बर पर नोटा रहता है। देखा गया है कि नोटा में बहुत लोग बटन दबाते हैं, नोटा का मतलब उक्त कोई भी प्रत्याशी हमें पसन्द नहीं है। इसीलिए वह नोटा की बटन दबाता है। बहुत से वृद्ध लोग जिन्हें कम दिखता है, कम पढ़े लिखे लोग भी अनजाने में पहले और आखरी नम्बर की बटन दबाते हैं। पहले नम्बर पर जो प्रत्याशी होता है,उसे फायदा होता है। किन्तु जो नोटा बटन दबाते हैं, उनका वोट बेकार जाता है। चुनाव

आयोग ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का वितरण कर दिया है। राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी सबसे ऊपर रहते हैं। उसके नीचे राज्य स्तरीय पार्टी के एवं निर्दलीय प्रत्याशी सबसे नीचे रहते हैं। छिंदवाड़ा विधानसभा में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और पहले नम्बर पर कांग्रेस के कमलनाथ दूसरे नम्बर पर बहुजन पार्टी के ठाकुर त्रिविक्रम हिरपाची हैं। तीसरे नम्बर पर भाजपा के बंटी साहू हैं।

सौंसर विधानसभा में कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, पहले नम्बर पर भाजपा के नाना मोहोड दूसरे नम्बर पर बहुजन समाज पार्टी के पंजावराव एवं तीसरे नम्बर पर कांग्रेस के विजय चौरे हैं। परासिया विधानसभा में कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं,प्रथम नम्बर पर भाजपा की ज्योति डेहरिया एवं द्वितीय नम्बर पर कांग्रेस के सोहन बाल्मिकी हैं।

पांढुर्ना विधानसभा में कुल 8 प्रत्याशी हैं पहले नम्बर पर कांग्रेस के नीलेश उईके एवं दूसरे नम्बर पर भाजपा के प्रकाश उईके हैं।

चौरई विधानसभा में कुल 13 प्रत्याशी हैं जिसमें पहले नम्बर में भाजपा के लखन वर्मा एवं दूसरे नम्बर पर कांग्रेस के सुजीत चौधरी हैं। अमरवाड़ा विधानसभा में कुल 9 प्रत्याशी हैं पहले नम्बर पर कांग्रेस के कमलेश शाह दूसरे नम्बर पर मोनिका बट्टी हैं। जुन्नारदेव विधानसभा में कुल 10 प्रत्याशी हैं जिसमें पहले नम्बर पर भाजपा के नत्थनशाह कवरेती एवं दूसरे नम्बर पर कांग्रेस के सुनील उईके हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज आएंगे छिंदवाड़ा एवं रात्रि विश्राम करेंगे

छिंदवाड़ा। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रियवर सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दिनांक 11 नवम्बर दिन शनिवार को छिंदवाड़ा आएंगे। श्री चौहान छिंदवाड़ा विधानसभा के ग्राम मेघासिवनी में रात्रि 7.30 बजे छिंदवाड़ा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रियवर सिंह ने छिंदवाड़ा विधानसभा के सभी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से जनसभा में उपस्थिति की अपील की है ।

डाक मतपत्र से मतदान के लिये फैसिलिटेशन सेंटर की सुविधा

छिन्दवाड़ा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नियोजित सभी सुरक्षाकर्मियों व अति आवश्यक सेवाओं के निर्वाचकों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा के लिये संबंधित अधिकारी/कर्मचारी जिस विधानसभा क्षेत्र का मतदाता है, वहां फैसिलिटेशन सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने वन संरक्षक, पुलिस अधीक्षक, सेनानी विशेष सशस्त्र बल, कमाण्डेंट होमगार्ड, अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज, आयुक्त नगरपालिक निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और अधीक्षण यंत्री म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को निर्देश दिये हैं कि अपने विभाग के जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने विधानसभावार डाक मतपत्र के लिये आवेदन प्रारूप 12 व प्रारूप 12घ जमा कराया है, ऐसे सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को वे जिस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं, वहां स्थित फैसिलिटेशन सेंटर में 11 नवंबर को उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिये निर्देशित करें । साथ ही संबंधित फैसिलिटेशन सेंटर में प्रारूप 13क का निर्वाचक द्वारा घोषणा में अनुप्रमाणन करने के लिये अपने विभाग के 2-2 राजपत्रित अधिकारियों को भी अधिकृत करने के निर्देश दिये गये हैं जिससे संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के निर्वाचक के घोषणा पत्र में वे प्रतिहस्ताक्षर कर सकें ।

गरीब के लिए योजनाओं से एवं देश एवं प्रदेश के विकास में भाजपा सरकार ने किए उल्लेखनीय काम

गुरैया एवं मंडी क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने किया जनसंपर्क

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के छिंदवाड़ा भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने शुक्रवार को गुरैया एवं सब्जी मंडी क्षेत्र पहुंचे । किसान भाईयों, व्यापारियों एवं फुटकर व्यापारियों ने पुप्प वर्षा कर श्री साहू का स्वागत किया । विवेक बंटी साहू ने सभी किसान भाईयों एवं व्यापारी भाईयों को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आपके साथ रही है किसान भाईयों और व्यापारियों का आशिर्वाद भाजपा के लिए बना रहे मुझे ऐसा विश्वास है एवं मंडी के सभी व्यापारियों से कहा कि छिंदवाड़ा के विकास के लिए भाजपा के लिए अपना मत अवश्य करें । जनसंपर्क के दौरान विवेक बंटी साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गरीबजनों के लिए योजनाओं से उनका जीवन स्तर उठाने का काम किया वहीं देश एवं प्रदेश के विकास में भाजपा सरकार ने कई अहम कदम उठाएं है । श्री साहू ने कहा कि गरीबों के लिए जन धन खाते खुलवाकर योजनाओं के माध्यम से उनके हक के पैसे उनके खाते में सीधे डलवाने का काम किया । मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना से सड़कों का विस्तार किया है । नल जल योजना से घर-घर शुद्ध जल की व्यवस्था भाजपा सरकार ने किए । मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से गरीबों का विवाह, किसानों के खाते में सम्मान निधि से किसानों को सम्मान देने का काम भाजपा सरकार ने किया, किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों की खेती किसानी में आसानी हुई । श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने श्री राम मंदिर के निर्माण लिए मार्ग प्रशस्त किए । पावागढ़ कालिका मंदिर, सलकनपुर कोरिडोर बनवाए, सोमनाथ मंदिर, काशीविश्वनाथ कोरिडोर मंदिर बनवाया, उज्जैन में महाकाल लोक बनवाया, ओंकारेश्वर में आदिगुरु शंकराचार्य जी की विशाल प्रतिमा बनवाए, भाजपा परशुरामजी छत्रपति शिवाजी कोरिडोर भाजपा सरकार ने बनवाई, चार धाम रोड निर्माण कार्यो सहित कई अहम फैसल देश एवं प्रदेश के लिए भाजपा सरकार ने बनाई । भाजपा सरकार ने एक ओर गरीबों के लिए कल्याण के कार्य किए तो वही दूसरी ओर देश एवं प्रदेश की धरोहर के जीर्णोद्धार के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए । इस जनसंपर्क में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, सत्येन्द्र सेमेकर, रविन्द्र सेठिया, नीरज कराड़े, दीपक सेमेकर, श्यामराव कपाले, बबलू पांडे, कुशल शुक्ला, जित्तू चौहान, शिवा सरसवार, देवेन्द्र गावंडे, स्थानीय नेता सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

प्रियानाथ ने ग्रामीण अंचलों में सघन जनसम्पर्क किया

मां लक्ष्मी की प्रतिमा व दीप खरीदे

छिन्दवाड़ा। प्रदेश के भावी मुख्यमंत्री कमलनाथ के प्रदेश की सत्ता सम्हालते ही सभी वर्गों सहित नारी सम्मान बढ़ाने के लिये दिये गये वचन और किये गये वादे तत्काल निभायें जायेंगे, क्यूंकि अब तक बीते 43 वर्षों में उन्होंने जो कहा है वह किया है, अपने पिछले मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में कमलनाथ ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठते ही सबसे पहले किसानों की ऋण माफी की योजना पर हस्ताक्षर किये थे।

उक्त उदगार आज कांग्रेस नेत्री श्रीमती प्रिया नकुलनाथ ने ग्राम कुण्डा, मढई व चौरई के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में अपने भ्रमण के दौरान महिलाओं से हुई बैठक में व्यक्त किये, उन्होंने बताया कि महिलाओं के समग्र सशक्तीकरण के लिये नारी सम्मान योजना में 1500 रुपये प्रतिमाह दिये जाने के साथ ही पांच सौ रुपयों में गैस सिलेण्डर, बेटी विवाह योजना में 1 लाख 1 हजार रुपये, वृद्ध, विधवा परित्यागता, विकलांग महिलाओं को 1200 व बहुविलांग को 200 रुपये पेंशन देंगे। उन्होंने महिलाओं को दिये गये अन्य वचन जैसे मेरी बिटिया रानी, समग्र शिक्षा, समग्र स्वास्थ्य, समग्र सहभागिता व खुशहाली मिशन सहित अन्य वचनों को विस्तार से बताया। साथ ही समस्त बैठकों में यह आव्हान किया कि नारी सशक्तीकरण के लिये श्री कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाने में जिले की समस्त विधानसभाओं में कांग्रेस प्रत्याशियों को सफल बनाये।

मतदाता प्राप्त कर सकते हैं निर्वाचन संबंधी जानकारी

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में विधानसभा निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से संपन्नकराये जाने के लिये ई-दक्ष केन्द्र में जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम को स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 24ङ्ग7 चालू है जिसका टेलीफोन नंबर 07162-243421 है । जिला स्तर पर कार्यरत कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर द्वारा जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता भी मतदान संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं ।

चुनाव के पहले ढाबों पर आबकारी का छापा

दल-बल के साथ पहुँचे अधिकारी,मामले दर्ज

छिन्दवाड़ा। मतदान की तारीख़ जैसे-जैसे पास आ रही है अवैध गतिविधियों को लेकर प्रशासनिक सख्ती बढ़ती ही जा रही है। इसी तारतम्य में गुरुवार की देर रात आबकारी की टीम ने ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प के निर्देश पर शहर के ढाबों पर छापा मारा। इस कार्यवाही का नेतृत्व ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का स्वयं कर रहे थे। इस दौरान कुल 5 प्रकरण दर्ज आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया।आबकारी की टीम ने रिंग रोड स्थित भाऊ के ढाबे और प्रतिष्ठा ढाबे से बडी मात्रा में देशी-विदेशी शराब और बियर जप्त कर संचालक के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया। वहीं बस स्टैंड स्थित शैलू डेली नीड्स से भी विदेशी शराब जप्त कर मामला दर्ज किया गया। बाला जी ढाबा और उड़ता पंजाब ढाबा में ग्राहक शराब पीते मिले। इन मामलों में संचालक के ख़िलाफ़ बिना

देश के सबसे बड़े पिछड़ा वर्ग संगठन ओबीसी महासभा ने दिया कांग्रेस को समर्थन राहुल गांधी को सौंपा समर्थन पत्र

विवेक तन्खा एवं रणदीप सुरजेवाला की उपस्थिति में वैभव सिंह ने साँपा

छिंदवाड़ा। वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा के माध्यम से ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों के साथ आज वैभव सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से होटल शीन एलीजा में बैठक की और समर्थन पत्र सौंपा। यह मुलाकात करीबन 40 मिनट चली। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों द्वारा कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशियों को पूर्ण समर्थन दिया गया। बैठक में कांग्रेस के राहुल गांधी सासद, विवेक तन्खा राज्यसभा सांसद, रणदीप सुरजेवाला राज्यसमा सासंद उपस्थित थे। राहुल गांधी ने विस्तारपूर्वक ओबीसी महासभा के पिछड़ा वर्ग संबंधी विषयों को ध्यानपूर्वक सुना। ओबीसी के पदाधिकारियों ने डॉ. विजेन्द्र यादव ने स्पष्ट किया हमारा समर्थन सिर्फ पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति-जनजाति प्रत्यासियों के लिए है।

राहुल गांधी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मैं स्वयं और कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जातिगत जनसंख्या अनुसार संपूर्ण संवैधानिक अधिकार प्रदत्त करने के लिए कृत संकल्पित है। जब तक पिछड़ा वर्ग को आर्थिक क्षेत्र में पूरा सहयोग नहीं मिलता तब पिछड़ा वर्ग की उन्नति संभव नहीं है। कांग्रेस का प्रयास होगा कि जाति जनगणना के हिसाब से संपूर्ण सवैधानिक अधिकार दिए जाये।ओबीसी महासभा की ओर से एड. वैभव सिंह वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रीय कोर कमेटी, डॉ. ब्रिजेन्द्र यादव कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महावीर राजपूत मीडिया प्रभारी, श्याम सुंदर यादव लीगल सेल, हेमराज घोपी जिलाध्यक्ष सागर, मदन कुशवाहा जिलाध्यक्ष नर्मदापुरम, गोपाल सिंह असंगठित कामगार प्रकोष्ठ, श्रीमती प्रियंका देवी, राजेश कुर्मी एवं बाबू सेन नगर निगम जबलपुर पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

महावीर का शुभ संदेश-जियो और जीने दो

जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अहिंसा प्रेमियों ने निकाली अहिंसा रैली

छिंदवाड़ा। तीर्थंकर महावीर भगवान के मुख्य सिद्धांत अहिंसा परमो धमार्ः एवं जियो और जीने दो के सिद्धांतों का पालन करते हुए जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य से सामाजिक संस्था अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन विगत 40 वर्ष से सर्वोदय अहिंसा अभियान चला कर विविध जनहित के कार्य कर रही हैं। फेडरेशन ने यह सर्वोदय अहिंसा अभियान वर्ष 1983 में छिंदवाड़ा से प्रारंभ किया था जो आज मध्य प्रदेश सहित सम्पूर्ण देश एवं विदेश का अभियान बन गया है। इस वर्ष 2023 में सर्वोदय अहिंसा अभियान का यह 41 वां वर्ष है।

सर्वोदय अहिंसा अभियान से जुड़कर छिंदवाड़ा सहित पूरे देश में लाखों अहिंसा प्रेमी जैन युवाओं सहित बालक - बालिकाएं प्रति वर्ष पटाखे रहित दीपावली मनाकर उस राशि से विविध जनहित के कार्य करती है।

धन तेरस के शुभ दिन शुक्रवार को सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन के साथ श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला की संचालिका वर्षा पाटनी एवं आर्या जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं महिला मंडल ने श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज से अहिंसा रैली निकाली और नगर का भ्रमण कर जन मानस को जियो और जीने दो का संदेश दिया।

करते हैं जनहित का कार्य

सर्वोदय अहिंसा अभियान का समर्थन करते हुए फेडरेशन के सदस्य एवं पाठशाला के बच्चे प्रति वर्ष पटाखे रहित शुभ दीपावली मनाते हैं और उससे बची राशि से जरूरत मंदों की सेवा कर उन्हे अवश्य सामग्री का वितरण करते हैं। फेडरेशन के सदस्य बच्चों में संस्कारों के बीजारोपण के मुख्य उद्देश्य से यह पवित्र आयोजन करता है।

तीर्थंकर महावीर भगवान के 2550 वें निर्वाण महोत्सव की खुशी में निकाली गई अहिंसा रैली का शुभारंभ पंडित चितरंजन जैन द्वारा किया गया जिसमे फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, रूपेंद्र शास्त्री, ज्ञाता जैन, प्रशम जैन, दिवस शास्त्री, यशराज जैन, श्रीमती रानी डॉ. के. सी. जैन, वर्षा राजू पाटनी, डॉ. मेघा विपिन जैन, आर्या जैन, सरोज झांझरी, नैना शास्त्री, संस्कृति जैन, इशिता जैन सहित बड़ी संख्या में अहिंसा के पुजारी उपस्थित रहे।

आज से मनेगा तीन दिवसीय निर्वाण महोत्सव

अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय में मुमुक्षु मंडल एवं फेडरेशन आज से तीन दिवसीय श्री वीर प्रभु का 2550 निर्वाण महोत्सव मनावेगा। जिसका शुभारंभ प्रात: 7 बजे ध्वजारोहण से करेगा पश्चात श्री जिनेन्द्र पूजन एवं श्री महावीर पूजन का आयोजन होगा जो 13 नवंबर कार्तिक कृष्ण अमावस्या तक चलेगा जिसमे सकल समाज आमंत्रित है।

रूप चौदस आज.... राजनीति का रूप निखारने मैदान में उतरी, बुद्धि के साथ वोटर हो रहे रूप पर फिदा

भोपाल। इस बार दिवाली और चुनाव का संयोग है। दिवाली के दौरान रूप चौदस का त्योहार भी है। इस त्योहार को रूप निखारने के लिए जाना जाता है। जब रूप की बात आती है तो सबसे पहले महिलाओं का जिक्र होता है। इस समय हर क्षेत्र में महिलाओं का बोलबाला है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की राजनीति में भी कई खूबसूरत महिलाएं हैं। ये महिलाएं चुनाव भी लड़ रही हैं। रूप चौदस और चुनाव के संयोग के मौके पर हम आपको तीनों प्रदेशों की खूबसूरत महिला नेताओं के बारे में बता रहे हैं।

रूप चौदस कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। इस साल रूप चौदस 11 नवंबर को मनाई जाएगी। रूप चौदस को छोटी दिवाली, नरक चतुर्दशी, काली चौदस और नरका पूजा के नामों से भी जाना जाता है। इस दिन यमराज के लिए दीये जलाए जाने का विधान है। कहा जाता है कि ऐसा करने से हर तरह का भय खत्म हो जाता है और परिवार में किसी की अकाल मृत्यु नहीं होती है। रूप चौदस के दिन संध्या के समय दीपक जलाए जाते हैं और चारों ओर रोशनी की जाती है।

छत्तीसगढ़....

भावना बोहरा- भावना बोहरा अभी जिला

पंचायत मे सभापति हैं और महिला मोर्चा की संगठन मंत्री हैं। छत्तीसगढ़ में वो बीजेपी की एक सक्रिय नेता के रूप में जानी जाती हैं। भावना छत्तीसगढ़ शतरंज संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ महिला विंग की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। पंडरिया सीट से भावना बोहरा को बीजेपी ने प्रत्याशी बनाया है।

रंजना साहू- धमतरी विधानसभा में 2018 के चुनाव में विजय हासिल करने वाली

रंजना साहू पर दोबारा भरोसा जताते हुए बीजेपी ने टिकट दिया है। रंजना दीपेन्द्र साहू ने अपने राजनीतिक पारी की शुरुआत जनपद सदस्य के रूप में की थी। वे जनपद सदस्य रहते हुए धमतरी जनपद पंचायत की अध्यक्ष बनीं।

संयोगिता सिंह जूदेव- छत्तीसगढ़

विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बीजेपी ने संयोगिता सिंह जूदेव को साल 2018 के चुनाव में हार के बाद एक बार फिर से चंद्रपुर से प्रत्याशी बनाया है। संयोगिता सिंह जूदेव केंद्रीय मंत्री रहे स्वर्गीय दिलीप सिंह गुरुदेव की बहू और पूर्व बीजेपी के नेता स्वर्गीय युद्धवीर सिंह जूदेव की पत्नी हैं।

मध्यप्रदेश ....

विजयलक्ष्मी साधौ- डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उम्मीदवार हैं।

साधौ मध्यप्रदेश विधानसभा में महेश्वर का प्रतिनिधित्व करती हैं। वे मध्यप्रदेश विधानसभा में महेश्वर से विधायक हैं। वे मध्यप्रदेश से पूर्व राज्य सभा की सांसद थीं। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राजनेता हैं। कांग्रेस ने विजयलक्ष्मी साधौ को महेश्वर से टिकट दिया है।

रीना बौरासी- कांग्रेस के पूर्व सांसद

प्रेमचंद गुड्डू की बेटी रीना बौरासी को कांग्रेस ने सांवेर से टिकट दिया गया है। रीना पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। जातिगत समीकरण हैं। गुड्डू सांवेर से एक बार विधायक रह चुके हैं। वहां पर उनका जनाधार माना जाता है। इसलिए रीना को टिकट दिया है। ये एससी के लिए आरक्षित सीट है।

कृष्णा गौर- मध्यप्रदेश की राजधानी

भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर का गढ़ कही जाने वाली गोविंदपुरा विधानसभा पर इस बार भी उनकी बहू कृष्णा गौर चुनाव मैदान में हैं। कृष्णा गौर बीजेपी से वर्तमान विधायक हैं।

रीति पाठक- बीजेपी ने सीधी से सांसद रीति पाठक को प्रत?याशी घोषित किया गया है।

रीति पाठक पहली बार 2014 के लोकसभा चुनावों में मध्यप्रदेश की सीधी सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनी गईं थीं। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हराकर सीट जीती थी।

रक्षा राजपूत- कांग्रेस ने खुरई विधानसभा सीट से रक्षा राजपूत को चुनावी रण में उतारा है। यहां उनका सामना बीजेपी के कद्दावर नेता भूपेंद्र सिंह से होगा। वे पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। उनकी उम्र 29 साल है। वे पेशे से डिजिटल क्रिएटर हैं।

डॉ. रश्मि पटेल- नागौद विधानसभा सीट

पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह का टिकट काटकर इस बार युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह पटेल को मौका दिया है। वे पहली बार चुनाव लड़ेंगी। पेशे से वे डेंटिस्ट हैं और सतना की पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रह चुकी हैं।

राजस्थान

दिया कुमारी- दिया जयपुर के पूर्व राजघराने की बेटी हैं। दिया एक बार विधायक और एक बार सांसद रह चुकी हैं। अभी जयपुर की विद्याधर नगर सीट से बीजेपी की प्रत्याशी हैं।

नौक्षम सिंह- बीजेपी ने नौक्षम सिंह को कामां सीट से प्रत्याशी बनाया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस और विदेश में पढ़ाई पूरी करने के

बाद नौक्षम चौधरी ने राजनीति में कदम रखा था। अगस्त 2019 में उन्होंने बीजेपी जॉइन की थी। बीजेपी ने इनको हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 में पुन्हाना विधानसभा सीट से टिकट दिया था, जहां पर कांग्रेस के इलियास के सामने नौक्षम चौधरी 13 हजार वोटों से चुनाव हार गई थीं।

मनीषा पंवार- मनीषा पंवार अभी जोधपुर शहर सीट से कांग्रेस की विधायक हैं। इस बार फिर से पार्टी ने इसी सीट से उन्हें टिकट दिया है।

अर्चना शर्मा- अर्चना शर्मा विश्व हिंदू परिषद के बड़े नेता आचार्य धर्मेंद्र की पुत्रवधू हैं। राजस्थान में कांग्रेस की मीडिया चेयरपर्सन रह चुकी हैं और कांग्रेस पार्टी ने उन्हें तीसरी बार मालवीय नगर विधानसभा सीट से टिकट दिया है।

मप्र चुनावी गड़बड़ी पर हाईकोर्ट का एक्शन

अशोक नगर कलेक्टर सहित चार अफसर-कर्मचारी दोषी, कोर्ट ने जताई सख्त आपत्ति

भोपाल। टीकमगढ़ जिले की बमोरी पंचायत चुनाव में हुई गड़बड़ी के मामले में लगी याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कलेक्टर सुभाष द्विवेदी समेत 4 अधिकारियों को दोषी पाया है। साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि भविष्य में चुनाव को लेकर कहीं भी इन अधिकारियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाए। साथ ही कड़ी कार्रवाई की जाए। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने व्रष्ठ कार्मिक को पत्र लिखा। कोर्ट ने पाया कि इन अफसरों और कर्मचारियों ने जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी की थी।

टीकमगढ़ जिले की बमोरी पंचायत चुनाव में हुई गड़बड़ी के मामले में लगी याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कलेक्टर सुभाष द्विवेदी समेत 4 अधिकारियों को दोषी पाया है। साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि भविष्य में चुनाव को लेकर कहीं भी इन अधिकारियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाए। साथ ही कड़ी कार्रवाई की जाए। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने पीएस कार्मिक को पत्र लिखा है।



कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश निर्वाचन सदन, 17, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011
दूरभाष (कार्या) : 0755–2550488, 2550412, 2570414, 2446602, फैक्स : 0755–2555162

MAILED 10 NOV 202

फा.क्र. 07/अनुमति/वि.स./2023/13935 भोपाल, दिनांक 10/11/2023

प्रति,
कलेक्टर एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी,
जिला टीकमगढ/डिण्डौरी/अनुपपुर (म.प्र.)

विषय : WP 15558/2022 में माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर पीठ द्वारा पारित आदेश दिनांक 08 नवम्बर, 2023 के पालन के अनुक्रम में आवश्यक कार्यवाही करने बाबत्।
संदर्भ : मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग का पत्र पृष्ठांकन क्रमांक एफ–37/पी.एन.–01/2022/तीन/319, भोपाल, दिनांक 10.11.2023

*****

विषयांतर्गत कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसकी प्रतिलिपि परस्पर आपको भी पृष्ठांकित की गई है। पत्र की कंडिका क्रमांक 03 एवं 04 में उल्लेखित अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्तमान पदस्थापना एवं उनकों सौपे गए निर्वाचन दायित्वों की जानकारी तत्काल/आज ही प्रेषित करने का कष्ट करें।

(राकेश सिंह)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
मध्यप्रदेश

कोर्ट के आदेश के साथ ही चुनाव में गड़बड़ी के मामले में वर्तमान में अशोक नगर कलेक्टर सुभाष द्विवेदी पद से हटाए जाएंगे। साथ ही तीन अन्य अधिकारी संयुक्त कलेक्टर, तहसीलदार, अध्यापक भी हटाए जाएंगे। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि टीकमगढ़ में पंचायत चुनाव के दौरान पदस्थ तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी यानि वर्तमान अशोकनगर कलेक्टर कलेक्टर सुभाष द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और वर्तमान में अनूपपुर के अपर कलेक्टर सीपी पटेल , तत्कालीन तहसीलदार और वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर डिंडौरी आरके तिवारी और सहायक शिक्षक हीरालाल राजपूत की भूमिका इस मामले में दोषपूर्ण रही है।

क्या है पूरा मामला- पूरा मामला टीकमगढ़ जिले की बमोरी पंचायत चुनाव में हुई गड़बड़ी का है। इसको लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया कि यह गड़बड़ी तत्कालीन सुभाष द्विवेदी सहित चुनाव में लगे तीन अन्य अधिकारियों ने की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल ने इन अधिकारियों को दोषी पाते हुए आदेश दिया कि भविष्य में इन अधिकारियों की ड्यूटी किसी भी चुनाव में नहीं लगाई जाए। साथ ही जांच और कार्रवाई की जाए। साथ ही कोर्ट ने दीप्ती गौड़ मुखर्जी प्रमुख सचिव व्रष्ठ कार्मिक, विनोद कुमार अपर मुख्य सचिव व्रष्ठ कार्मिक, अनुपम राजन मुख्य राज्य निर्वाचन एमपी को पत्र लिखा है। अब इन अधिकारियों को विधानसभा चुनाव की ड्यूटी से हटाया जाएगा।

आज एमपी दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री, इन विधानसभा सींटो में करेंगे प्रचार

इंदौर। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले, आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मालवा निमाड़ क्षेत्र में एक बार फिर से रैली का आयोजन किया है। इस दौरे के दौरान, अमित शाह बेटमा क्षेत्र में जनसभा को

संबोधित करेंगे, जिसमें राजनीतिक उत्साह बढ़ाए जाएगा।

अमित शाह 11 नवंबर को मनावर, गंधवानी, बदनावर, और धार विधानसभाओं में जनसभा को संबोधित करेंगे। अमित शाह इंदौर से हेलीकॉप्टर के साथ प्रस्थान करेंगे और मनावर में विशाल जनसभा का संबोधन करेंगे। इसके बाद उनका मनावर से जिराबाद के लिए रथ रोड शो का आयोजन होगा। दोपहर बाद अमित शाह जिराबाद विधानसभा के पक्ष में मंडी में जनसभा को संबोधित करेंगे, जहां भाजपा प्रत्याशी राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे। शाम 6 बजे वे भाजपा प्रत्याशी नीना वर्मा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे, जो नगर के मोती बाग चौक ज्योति मंदिर से रथ के माध्यम से आयोजित होगी।

जान से मारने की धमकी मिलने पर आप प्रत्याशी मो. सऊद ने कहा- हम डरे वाले नहीं

भोपाल। भोपाल उत्तर से आप प्रत्याशी मो. सऊद ने जान से मारने की धमकी मिलने पर कहा है कि हम धमकियों से डरने वालों में से नहीं है, हम आम आदमी पार्टी के सिपाही हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के लोगों को अब हार का डर सता रहा है इसलिए अब धमकियां दी जा रही हैं। जनता के लिए मैं हमेशा खड़ा हूं, जहां जनता का पसीना बहेगा मैं अपना खून बहाऊंगा। जनता ने मौका दिया तो भोपाल उत्तर की सारी परेशानी दूर करेंगे।